दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 16 | अंक 321 | सीकर, शनिवार 17 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# बीजेपी को 20 जनवरी को नया अध्यक्ष मिलेगा

## चुनाव नोटिफिकेशन जारी; कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का चुना जाना लगभग तय

नई दिल्ली।

भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा। अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। न्यूज एजेंसी ने 13 जनवरी को सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन भरेंगे। नितिन नबीन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं।



**अगर नितिन ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, तो सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे**-फिलहान नितिन नबीन को पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उनकी उम्र 45 साल है। भविष्य में नितिन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले सबसे युवा नेता होंगे। नितिन के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के साथ ही भाजपा में 80न युवाओं को आगे लाने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि नई टीम बनने में लगभग 6 महीने लगेंगे, लेकिन इतना साफ है कि टीम में महामंत्री और मंत्री जैसे प्रमुख पदों पर ज्यादातर 50 से कम उम्र के लोग होंगे। अगले साल 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। नितिन टीम इसी के अनुरूप बनाएंगे। एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि अमूमन राष्ट्रीय अध्यक्ष जूनियर या समकक्षों को ही महासचिव, सचिव जैसे पदों पर रखते हैं।

**पिछले 6 महीने में 3 प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए**-पिछले 6 महीने में तीन राज्यों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। जुलाई में हेमंत खंडेलवाल को एमपी का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया था। उसके बाद दिसंबर में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और सात बार के लोकसभा सांसद पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष चुन गया था। उनके अलावा किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं जनवरी में झारखंड में आदित्य साहू को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली।

**बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर ने शेड्यूल जारी किया**-बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के लक्ष्मण ने चुनाव का शेड्यूल जारी किया। इसके मुताबिक, पार्टी प्रमुख के चुनाव के लिए नॉमिनेशन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच भरे जाएंगे और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को वोटिंग होगी और उसी दिन नए चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

## 'ठाकरे ब्रांड' का आखिरी किला भी ढहा

## मुंबई महानगर पालिका में बनेगा भाजपा का मेयर



मुंबई।

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के ऐतिहासिक चुनावी नतीजों ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत कर दी है। तीन दशकों से मुंबई की सत्ता पर काबिज मातोश्री का वर्चस्व आखिरकार समाप्त हो गया है। शुक्रवार को घोषित परिणामों में भाजपा-शिंदे गठबंधन (महायुति) ने प्रचंड बहुमत हासिल कर ठाकरे परिवार के आखिरी किले को ध्वस्त कर दिया है। अब यह साफ हो गया है कि देश के सबसे अमीर नगर निकाय में इस बार भाजपा का मेयर बैठेगा। बीएमसी के साथ ही हुए महाराष्ट्र की अन्य 28 महानगरपालिकाओं के चुनाव में से भी अधिसंख्य के परिणाम भाजपा के ही पक्ष में आए हैं। कुल 227 सीटों वाली बीएमसी में बहुमत के लिए 114 सीटों की आवश्यकता थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार, भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने मिलकर 127 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसमें भाजपा को 97 एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली शिवसेना को 30 सीटें हासिल हुई हैं।

# बिना सूचना अतिक्रमण हटाओ

# गरीबों की रोजी पर वार

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शुक्रवार सुबह नगर परिषद द्वारा आयुक्त के मार्गदर्शन में अवैध निर्माण व अतिक्रमण के खिलाफ की गई अचानक कार्रवाई से शहर में खासा विवाद खड़ा हो गया। नगर परिषद के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने बिना किसी पूर्व सूचना के गुढ़ा रोड से लेकर मंडावा मोड़ तक दुकानों के बाहर लगाए गए टीनशेड, होर्डिंग्स, थड़ियां, भवन निर्माण सामग्री व अन्य सामान हटाना शुरू कर दिया। जैसे ही दस्ता गुढ़ा रोड के बाद मंडावा मोड़ पहुंचा, दुकानदारों को कार्रवाई की भनक तक नहीं लग पाई और उससे पहले ही उनकी दुकानों के बाहर किया गया अस्थाई अतिक्रमण हटाया जाने लगा।

इस अचानक कार्रवाई को लेकर मौके पर दुकानदारों का भारी विरोध देखने को मिला। विरोध कर रहे दुकानदारों का कहना था कि नगर परिषद की यह कार्रवाई पूरी तरह अन्यायपूर्ण है क्योंकि न तो कोई पूर्व सूचना दी गई और न ही शहरभर में समान रूप से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि यदि नगर परिषद निष्पक्ष कार्रवाई करना चाहती है तो शहर के अन्य इलाकों में मौजूद स्थाई और अस्थाई अतिक्रमणों को भी पहले हटाया जाए। मंडावा मोड़ के व्यापारियों का कहना था कि अचानक की गई यह कार्रवाई





सीधे-सीधे गरीब और कमजोर तबके की रोजी-रोटी पर लात मारने के समान है। इस संबंध में नगर परिषद की ओर से बताया गया कि राजस्व अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी अवैध निर्माण/अतिक्रमण अंगीश कुमावत के नेतृत्व में गुढ़ा मोड़ चौराहे से गुढ़ा फाटक तक तथा कलेक्ट्रेट सर्किल से मंडावा मोड़ सर्किल तक सड़क मार्ग को बाधित कर रहे होर्डिंग्स, टीनशेड, थड़ियां, भवन निर्माण सामग्री एवं अन्य अस्थाई प्रकृति के अतिक्रमण हटाए गए।

नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने आमजन से अपील की कि वे सार्वजनिक रास्तों को बाधित न करें और किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा अवैध निर्माण व अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नियमित रूप से अभियान चलाया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान में राजस्व अधिकारी चिरंजीलाल, कनिष्ठ अभियंता राजेश कुमार, कार्यवाहक स्वच्छता निरीक्षक संदीप लांबा, सुनील चौधरी, नारायण जमादार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## 13 वर्षीय बालक की हत्या मामले में मौलवी गिरफ्तार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** 13 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में पुलिस ने मामले का पटाक्षेप कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी सुनिल कुमार झाझड़िया ने बताया कि 13 वर्षीय बालक का शव अगुणा मोहल्ला बीहड़ में गन्दे पानी की गेनाणी के अन्दर मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा मौका पर पहुंच कर लाश को गन्दे पानी की गेनाणी से निकाला गया। गन्दे पानी की गेनाणी में मिली लाश को लेकर मृतक के पिता द्वारा गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी, शव उसका बेटा होना की शिनाख्त होने पर लाश को राजकीय डीबीएच मोर्चरी में रखवाया जाकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा में गुमशुदा बालक की हत्या कपड़े से गला दबा कर हत्या करना पाया गया। पुलिस के लिए इसका खुलासा करना कड़ी चुनौती था पुलिस द्वारा दरगाह सुफी साहब रहमत अली के आस पास सादा वस्त्रों मे रह कर दरगाह के अन्दर रहने वाले मौलवी मो. हुसैन पर कड़ी निगरानी रखी गई एवं मौलवी के बारे में आसूचना का संकलन किया गया। दरगाह के मौलवी उत्तरप्रदेश के रहने वाले 23 वर्षीय मो. हुसैन शेख पर संदेह होने व गतिविधिया संदिग्ध पाये जाने पर मौलवी मो. हुसैन को पुछताछ करने पर गुमशुदा बालक द्वारा अपनी बहन के साथ मौलवी द्वारा गन्दी नजर रखने व गलत हरकते करने की बात की शिकायत मौहल्ले में व अपने पिता को बताने के कारण मौलवी ने अपने हरकते समाज के सामने आने व समाज में बदनाम होने के डर से बचने के लिये गुमशुदा बालक से नाराज होकर गुमशुदा बालक की 1 जनवरी को पंतग लूटने के बहाने ले जाकर बालक का गन्दे पानी की गैनाणी के पास कपड़ा से गला दबा कर हत्या कर बालक की लाश को छुपाने के लिये गन्दे पानी की गेनाणी में डाल कर आना स्वीकार किया। आरोपी मौलवी मोहम्मद हुसैन वापस आकर दरगाह में गुमशुदा बालक को उसके पिताजी के साथ ढूंढने का बहाना करता रहा। पुलिस ने आरोपी मो. हुसैन मौलवी को गिरफ्तार कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## हीरापुरा बस स्टैंड से चलेगी 209 बसे

### अजमेर और खाटूश्यामजी के लिए संचालन शुरु

**जयपुर ( नवयत्न )।** हीरापुरा बस स्टैंड से शुक्रवार से अजमेर और खाटूश्यामजी के लिए बसों का नियमित संचालन शुरू हो गया है। हीरापुरा बस स्टैंड से इन दोनों रुटों के बस सचालन से शहर में शहर के यातायात के दबाव में काफी फर्क पड़ेगा। इंटरसिटी बस संचालन को सुव्यवस्थित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। पहले चरण में अजमेर रूट पर राजस्थान रोडवेज की 133 बसें और खाटूश्यामजी रूट पर 76 निजी बसें संचालित की गई है। इन दोनों रुटों की बसें सुबह 7 बजे से अपनी सेवाएं देगी। बस संचालन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए परिवहन सचिव शुचि त्यागी और रोडवेज एमडी पुरुषोत्तम शर्मा ने बस स्टैंड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों की सुविधाए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। प्रत्येक बस से अड्डा शुल्क के रूप में 50 रुपए और पार्किंग शुल्क 200 रुपए प्रति घंटे तय किया गया है।

## शिविर में 43 का हुआ बीएमडी टेस्ट



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर, जल बचाओएपेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति द्वारा बोन मैरो डेंसिटी बीएमडी जांच शिविर आयोजन किया गया। शिविर में 43 लोगों का बीएमडी टेस्ट किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि शिविर में उपस्थित लोगों को बीएमडी जांच की सहायता से ओस्टियोपोरोसिस की पहचानए फ्रैक्चर की पहचान और इसके जोखिम को कम करने हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। यह शिविर हर महीने में दो बार आयोजित किया जाता है।

## कोबरी-सार




## अवॉर्ड सेरेमनी एवं मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं प्री.बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, नोटबुक एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रिंस, जुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ सफलता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, कोर्डिनेटर दिनेश शर्मा, सी.वी. जैन व फैकल्टी मेंबर्स सहित हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी को मनाया जाएगा गोविंद देवजी मंदिर का पाटोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देव जी महाराज, श्री गोविन्द धाम में बसंत पंचमी 23 जनवरी को ठाकुर श्री गोविन्द देव जी का पाटोत्सव पट्टाभिषेक श्रद्धा एवं वैदिक विधि.विधान के साथ मनाया जाएगा। बसंत पंचमी पर कुछ झांकियों के समय में मामूली परिवर्तन किया जाएगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में धूप झांकी खुलने पर पहले अधिवास पूजन होगा। इसके बाद धूप आरती होगी। श्रृंगार आरती के बाद जगमोहन के मध्य ठाकुर श्रीजी के सन्मुख मां भगवती सरस्वती देवी का पूजन होगा। फिर राजभोग आरती संपन्न होगी। ठाकुरजी को केसरिया रंग की पोशाक धारण कराई जाएगी और पीले पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। केसरिया खीर सहित अन्य व्यंजनों का भोग अर्पित होगा। इस उत्सव के लिए कोई सेवा राशि जमा नहीं की जाएगी। पंचामृत अभिषेक के लिए कोई सूखा सामान, दूध, दही, घी, शहद, बूरा आदि नहीं लिया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से कीमती सामान, बड़े बैग, गोला-लेटिसध्भारी वस्तुएं मंदिर में न लाएं। महिलाएं कीमती आभूषण पहनकर न आएं। श्रद्धालु पानी की बोतल अपने साथ रखें। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखने पर तुरंत मंदिर प्रशासन-सेवायतों को सूचित करें।

## एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झुंझुनू व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिडानिया एंव विधानसभा झूंझुनू के मण्डल अध्यक्ष सहित कांग्रेस जनों ने जिला निर्वाचक अधिकारी झुंझुनूं को मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एंव विवरण के बड़ी संख्या में फार्म-7 जमा किए जाने के संबंध में त्वरित हस्तक्षेप हेतु अनुरोध तथा जमा किए गए फार्म 6, 7 एवं 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराने बाबत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालो में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं के अध्यक्ष अजमत अली, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिडानिया सुमेर सिंह महला, मण्डल



अध्यक्ष मुमताज अली, विजय सिंह लाखलाण, प्रदीप कुमार सैनी, उम्मेद खांन, रियाज चायल, मो. आदिल, जुबैर खोखर, जुबैर चौहान, धर्मपाल डारा, ओमप्रकाश, राजेश, रामधन, इरफान कबाड़ी, फ्युम कुरैशी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहें।




# विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के श्री अमरपुरा गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को सत्यपाल धनखड़ के द्वारा अपनी दोहिती के जन्मदिन पर स्वेटर वितरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में किया गया। श्री अमरपुरा विद्यालय में बालक-बालिकाओं को स्वेटर वितरण किया गया। इस स्वेटर वितरण कार्यक्रम में रविंद्र पाल धनखड़, दिनेश पाल धनखड़ व स्कूल स्टाफ मौके पर मौजूद था।

# तहसील कार्यालय पर किया प्रदर्शन



निसं

**बुहाना ( नवयत्न )।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान व स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति झुंझुनूं के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान महासभा ने बुहाना तहसील कार्यालय पर धरना दिया तथा प्रदर्शन किया। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध दिवस पर सभी प्रदर्शनकारियों ने बीज विधेयक 2025, बिजली विधेयक 2025, वी बी ग्राम जी अधिनियम 2025 व चार श्रम संहिता कानून 2025 के खिलाफव जन विरोधी कानूनों व नीतियों के खिलाफसंघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर तहसील कार्यालय गेट पर इन कानूनों व विधेयकों की प्रतियां जलाई। स्मार्ट मीटर योजना बंद करने, पाले से नष्ट हुई सरसों की फसलों की गिरदावरी करवाने व बिजली बिल बकाया के नाम पर आम उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटने तथा सरकारी विभागों की भारी राशि बकाया होने के बावजूद उनके कनेक्शन नहीं काटने की दोहरी नीति को तुरंत बंद करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार बुहाना को ज्ञापन दिया। धरना को संबोधित करने वालों में अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड मनफूल सिंह, कामरेड हरी सिंह वेदी, सुबेदार रामप्रताप यादव, कामरेड रामेश्वर, कामरेड रामचंद्र नेहरा, सुरेश यादव, कमलकांत, श्योराम मेघवाल आदि शामिल थे।

# रेलवे के मंडल सदस्य ने दिए स्टेशन पर सुधार के सुझाव

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** रेलवे डीआरयूसीसी की बैठक में सुरेश अग्रवाल सदस्य मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति जयपुर मंडल ने सीकर रेलवे स्टेशन पर सुधार करने हेतु सुझाव दिए हैं। सुरेश अग्रवाल ने मंडल रेल प्रबंधक उप रेलवे जयपुर के सामने प्रस्ताव रखे कि स्टेशन पर सीसी टीवी कैमरे की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई जो शीघ्र पूरी की जाए। प्लेटफार्म नं. 4 को हाई लेवल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीकर से सायं 4:10 बजे के पश्चात सीधे रात 10 बजे जयपुर की ट्रेन हैं इस बीच एक डेमो ट्रेन का संचालन किया जाए। विकलांग यात्रियों के लिए रेंप बनाया जाए, स्टेशन की खाली जगह पर यात्रियों को धूप व बारिश से बचाव की व्यवस्था के लिए शेड बनाया जाए, कुली की व्यवस्था की जाए, जिससे यात्रियों को सामान उठाने की सुविधा मिल सके। अग्रवाल ने कहा कि ट्रेन संख्या 04705/04706 जो हनुमानगढ़ से जयपुर तक को नियमित किया जाए। इसके साथ ही सीकर स्टेशन एनएसजी-3 फेयर टेबल और टाइम टेबल ग्लो साइन बोर्ड लगाया जाना चाहिए जिससे यात्रियों को साफ दिखाई दे। उन्होंने कहा कि सीकर स्टेशन पर यह सुविधाएं देने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी और राहत मिलेगी।

# योगक्षेम अणुव्रत संगठन यात्रा का आयोजन 19 को

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** सोमवार को अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में योगक्षेम अणुव्रत संगठन यात्रा का आयोजन स्थानीय तेरापंथ भवन, जैन चौक नोखा में किया जाएगा। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि साधना प्रशिक्षण एवं समन्वय के उद्देश्य से देश भर में की जा रही योगक्षेम अणुव्रत संगठन यात्रा का आयोजन तेरापंथ भवन में सोमवार की शाम 6 बजे किया जाएगा। जिसमें जैन समाज सहित अन्य सभी समाज के जागरूक नागरिक आमंत्रित है। इस आयोजन के साक्षी बनेंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कुसुम लुनिया, राज्य प्रभारी अशोक चौरडिया एसंयोजक विनोद बछावत, डॉ. नीलम जैन एताहिर खान, प्रभा पारिख, एवं संयोजक रचना कोठारी। मंत्री गजेंद्र ने समय पर पहुंचकर होने वाली यात्रा का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# एआई हैकाथॉन में बच्चों ने बनाए चैट बॉट और वेबसाईट्स

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में चल रहे चार दिवसीय एआई हैकाथॉन कार्यक्रम में एआई हैकाथॉन प्रशिक्षण सत्र का दूसरा दिन अत्यंत उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर एआई तकनीकी प्रशिक्षण संस्था कॉग्रेड के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक डिजिटल तकनीकों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन विद्यार्थियों को विशेष रूप से कर्सर एआई, वेब डिजाइनिंग तथा चैटबॉट निर्माण जैसे वर्तमान समय की अत्यंत उपयोगी और रोजगारपरक तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने इन विषयों को केवल सैद्धांतिक रूप से ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक उदाहरणों और लाइव डेमो के



माध्यम से सरल एवं रोचक तरीके से समझाया। कॉग्रेड के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि कर्सर एआई किस प्रकार कोडिंग को आसान बनाता है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की गति को तेज करता है। विद्यार्थियों को यह भी सिखाया गया कि किस प्रकार एआई आधारित टूल्स का उपयोग कर कम समय में प्रभावी प्रोजेक्ट तैयार किए जा सकते हैं। इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने एआई के भविष्य और इसके विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग को लेकर कई प्रश्न पूछे, जिनका प्रशिक्षकों ने विस्तार से समाधान किया। वेब डिजाइनिंग सत्र में विद्यार्थियों को वेबसाइट की संरचना, लेआउट, रंग संयोजन, यूजर इंटरफेस तथा यूजर एक्सपीरियंस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं कंप्यूटर पर कार्य करते हुए अलग-अलग थीम और डिजाइन की वेबसाइटें तैयार कीं। किसी ने शैक्षणिक वेबसाइट का मॉडल बनाया तो किसी ने व्यावसायिक और व्यक्तिगत वेबसाइट का आकर्षक प्रारूप तैयार किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी कौशल में रूचि देखकर प्रशिक्षक भी खुश हुए। इसी शृंखला में चैटबॉट निर्माण सत्र विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस सत्र में बताया गया कि किस प्रकार चैटबॉट आज बैंकिंग, शिक्षाए ई-कॉमर्स और ग्राहक सेवा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विद्यार्थियों को चैटबॉट के बेसिक कॉन्सेप्ट, उसके कार्य करने की प्रक्रिया और सरल चैटबॉट बनाने का तरीका सिखाया गया। प्रशिक्षण के अंत तक कई विद्यार्थियों ने अपने स्वयं के चैटबॉट तैयार किए, जो प्रश्नों का स्वचालित उत्तर देने में सक्षम थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण पूर्णत: तकनीकी और नवाचार पूर्ण बना रहा। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। टीमवर्क और प्रोजेक्ट आधारित सीखने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और समस्या समाधान क्षमता का विकास हुआ। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर सीखने की ललक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी ज्ञान देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉग्रेड के प्रशिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी,अनुशासन और सीखने की उत्सुकता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी तकनीकी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं और सही मार्गदर्शन मिलने पर वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। आगामी दिनों में होने वाले सत्रों को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया।

# सनातनी किन्नरों के शोषण का मुद्दा गरमाया

## किन्नर अखाड़ा ने की जांच की मांग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार को मानसरोवर स्थित सुमेर पैराडाइज में किन्नर अखाड़ा द्वारा देश में पहली बार किन्नर समाज के भीतर चल रही अवैध गतिविधियों और धार्मिक कट्टरता पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किन्नर अखाड़ा के संस्थापक ऋषि अजय दास महाराज ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोप लगाया है कि देशभर में एक संगठित जाल किन्नर जिहाद के नाम पर सक्रिय है, जो सनातनी किन्नरों के धर्मांतरण, अवैध वसूली और आर्थिक शोषण में लिप्त है। उनके इस प्रयास को बजरंग सेना, हिन्दू वाहिनी सेना, विश्व हिंदू परिषद, मीणा महासंघ जैसे कई अन्य संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है। महाराज ने दावा किया है कि 80 प्रतिशत सनातनी किन्नरों को दबाव, डर और प्रतिबंधों के माध्यम से मुस्लिम रीति-रिवाज अपनाने पर मजबूर किया गया, विरोध करने पर मारपीट और आर्थिक दंड तक लगाए जाते हैं। जन्म से हिंदू होने के बावजूद कई किन्नरों का अंतिम संस्कार इस्लामिक तौर-तरीकों से किया जाता है। कथित हिजड़ा गिरोह त्योहारों, शादियों और अन्य शुभ अवसरों पर गुंडागर्दी के साथ अवैध वसूली करते हैं। सनातनी समाज से मिल रहे पैसों का उपयोग शराब, मांसाहार, अय्याशी, मदरसों और संदिग्ध गतिविधियों में किया जा रहा है। तथाकथित किन्नर सम्मेलनों में 10-15 दिनों तक कव्वाली, नाच-गाना, जुआ और शराब पर 10-20 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं, जबकि इन संगठनों पर ना टैक्स है, ना कोई सरकारी निगरानी। बड़ी संख्या में किन्नर गिरोहों में बांग्लादेशी व्यक्तियों का प्रवेश भी दर्ज किया गया है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के लिए खतरा बढ़ता दिखाई दे रहा है। ऋषि अजय दास महाराज ने कहा कि देश में हजारों समाजसेवी संस्थाएँ दान का हिसाब सरकार को देती हैं, लेकिन किन्नर गिरोहों को टैक्स और जांच से अजीब तरह की छूट मिली हुई है, जबकि यह समानता के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ प्रमुख किन्नर नेता इन जिहादी गिरोहों के साथ मिलकर सनातनी किन्नरों की घर वापसी रोकने का प्रयास कर रहे हैं। ऋषि अजय दास महाराज ने समाज और सरकार से अपील करते हुए कहा कि-अवैध गतिविधियों में लिप्त कट्टरपंथी किन्नरों का बहिष्कार किया जाए और सनातनी किन्नरों को उनका सम्मान और अधिकार वापस दिलाए जाएँ। उन्होंने चेतावनी दी कि धार्मिक आयोजनों, विशेषकर कुंभ जैसे बड़े कार्यक्रमों में किन्नर वेशधारी कट्टरपंथी तत्वों के प्रवेश से राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस मौके पर पंडित अशोक शर्मा संस्थापक बजरंग सेना, विजय शर्मा राष्ट्रीय महासचिव बजरंग सेना, राजेश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान बजरंग सेना, हेमांगी जगद्गुरु किन्नर वैष्णव किन्नर अखाड़ा, काजल किन्नर जिला अध्यक्ष कोटा, साध्वी सौम्या सखी छत्तीसगढ़, तनीषा सनातनी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, मीनू किन्नर प्रदेश अध्यक्ष दौसा लालसोट, निशा किन्नर उनियार, कनिका जयपुर, दीपिका जयपुर, रूबी जयपुर, सचिन सोनकर वकील साहब इंदौर, अलकेश शर्मा हिन्दू वाहिनी कानपुर, भागीरथ हिन्दू महासभा, सुमित खंडेलवाल बजरंग दल, राम भजन मीणा वकील साहब, रामावतार मीणा मीणा महासंघ उपस्थित रहे।

# वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं कराने पर रुक सकती है सामाजिक सुरक्षा पेंशन


हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स के लिए वर्ष में एक बार वार्षिक भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। निर्धारित समय में सत्यापन नहीं कराने पर पेंशन राशि का भुगतान रोका जा सकता है। समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया ने बताया कि जिले में कुल 2 लाख 82 हजार 526 पेंशनर्स पंजीकृत हैं जिनमें से अब तक 2 लाख 30 हजार 895 पेंशनर्स (81.73 प्रतिशत) का वार्षिक भौतिक सत्यापन पूर्ण हो चुका है जबकि 51 हजार 631 पेंशनर्स का सत्यापन अभी लंबित है। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर जाकर बायोमैट्रिक के माध्यम से वार्षिक सत्यापन करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त राज एसएसपी मोबाइल ऐप के माध्यम से मोबाइल पर फेस रिकॉग्निशन के आधार पर भी सत्यापन की सुविधा उपलब्ध है। यदि बायोमैट्रिक या फेस रिकॉग्निशन के माध्यम से सत्यापन संभव नहीं हो पाता है तो पेंशनर अपने संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में जाकर भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में उपखण्ड अधिकारी पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी होते हैं। यहां पेंशनर के पीपीओ में दर्ज रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से भी सत्यापन किया जा सकता है। डॉ पूनिया ने बताया कि जिन पेंशनर्स के पीपीओ में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है वे पेंशन संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर ओटीपी के माध्यम से वार्षिक सत्यापन करवा सकते हैं। वहीं ऐसे विशेष योग्यजन पेंशनर्स जिनके यूडीआईडी कार्ड नहीं बने हैं, वे ई-मित्र के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदन करें तथा यूडीआईडी रजिस्ट्रेशन नंबर को जनाधार में अपडेट करवाएं। जनाधार में यूडीआईडी नंबर अपडेट होने के पश्चात पेंशनर अपना भौतिक सत्यापन करवा सकता है।

# डॉ सिद्धि गुप्ता ने विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरीशस में की सहभागिता

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** मॉरिशस स्थित विश्व हिंदी सचिवालय में विश्व हिंदी दिवस उपलक्ष में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। आईडी कार्यक्रम में मॉरिशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल जो वर्तमान में राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हैं उन्होंने हिंदी भाषा की वैश्विक भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्व हिंदी सचिवालय महासचिव डॉ माधुरी रामधारी, उपमहासचिव डॉ शुभंकर मिश्र सहित उच्च पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ गुप्ता ने मॉरिशस में प्राचीन भारत की विज्ञान परंपरा, हिंदी की भूमिका और आधुनिक अंग्रेजी निर्भरता : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न देशों से आए



विद्वानों, साहित्यकारों और शिक्षाविदों ने भी भाग लिया। सभी ने हिंदी के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप पर चर्चा की और इसे रोजगार, शिक्षा तथा तकनीक से जोड़ने पर बल दिया। डॉ सिद्धि गुप्ता की सक्रिय सहभागिता को उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सराहा। डॉ गुप्ता को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र, प्रतीक चिह्न और शॉल से सम्मानित किया गया। गुप्ता मॉरीशस के 7 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर रहकर मॉरीशस के मुख्य शहरों एवं शिक्षण संस्थाओं का भ्रमण किया।

# धार्मिक कार्यक्रम 21 से

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कसेरू के श्री बालाजी मंदिर में श्रीराम लला के आयोध्या में 500 वर्ष बाद पुनः विराजने के उपलक्ष्य में दिवतीय वर्षगाँठ पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर पुजारी मखन लाल स्वामी ने बताया कि 21 जनवरी को विशाल भजन संध्या, 22 जनवरी प्रातः कलश यात्रा एवं ज्योत महा आरती एवं भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर अर्पित दतुसलिया, विक्रम स्वामी, अमित सैन, कृष्ण जांगिड़, विकास नेहरा सहित अन्य भक्त गण कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने मे लगे हुए है।

# व्हेन गॉड्स डोंट मैटर पुस्तक का विमोचन और कविता सत्र आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जेएलएफ में एएएफ बागान वेन्यू पर श्व्हेन गॉड्स डोंट मैटर शीर्षक से एक रोचक लिटरेचर सत्र का आयोजन हुआ। इस सेशन में कवि और पीआर प्रोफेशनल, जगदीप सिंह ने सीनियर जर्नलिस्ट और लेखक, स्वाति वशिष्ठ के साथ संवाद किया। इस अवसर पर जगदीप सिंह द्वारा लिखित उनके नए पोएट्री कलेक्शन, श्व्हेन गॉड्स डोंट मैटर का आधिकारिक विमोचन भी किया गया। पुस्तक का विमोचन लेखक और कल्चरिस्ट संदीप भूतोड़िया ने फेस्टिवल को-डायरेक्टर नमिता गोखले और टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, संजॉय के. रॉय के साथ मिलकर किया। चर्चा के दौरान जगदीप सिंह ने अपनी कविता के फिलोसॉफिकल और इमोशनल पहलुओं के बारे में बात कीए जिसमें विश्वासए पहचान और तेजी



से बदलती दुनिया में मानवीय हालत जैसे विषय शामिल रहे। उन्होंने बताया कि व्हेन गॉड्स डोंट मैटर उनके अनुभवों और आत्मचिंतन से उपजी कविताएं है। जहां कविता उनके लिए मौन, आस्था और व्यक्तिगत सच से संवाद करने का माध्यम बन जाती है। स्वाति वशिष्ठ ने चर्चा समकालीन समय में कविता की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज की कविता किस तरह ईश्वर से हटकर व्यक्तिगत अनुभवों और सामाजिक सच्चाइयों पर केंद्रित हो रही है। संवाद में यह भी सामने आया कि जगदीप सिंह की रचनाएँ उन पाठकों से जुड़ती हैं जो अनिश्चितता, मूल्यों के अभाव और पारंपरिक ढ़ांचों से हटकर किसी अर्थ की तलाश में हैं। इस मौके पर जगदीप सिंह ने कहा कि उनके लिए कविता जवाब देने के बारे में नहीं, बल्कि सच्चे सवाल पूछने के बारे में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्हेन गॉड्स डोंट मैटर उन पलों को बताने की एक कोशिश है जब इंसान विश्वास से ज्यादा मानवीय संवेदनशीलता और अंतरात्मा ज़रूरी हो जाते हैं। सत्र को और अधिक भावपूर्ण बनाते हुए जगदीप सिंह ने अपनी तीन से चार कविताओं का पाठ भी किया, जिससे श्रोताओं को उनकी रचनाओं की भावनात्मक गहराई से जुड़ने का अवसर मिला।



# मंगल रसोई का हुआ लोकार्पण

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** स्वर्गीय चौधरी मंगलाराम की स्मृति में उनके परिवार जनों ने महात्मा गांधी विद्यालय रघुनाथपुरा में चार लाख रुपए की लागत से रसोई टीन सेड का निर्माण करवाया। चौधरी मंगलाराम के पौत्र विनोद चौधरी ने बताया कि इस शुभ अवसर पर अतिरिक्त निदेशक राजस्थान शिक्षा विभाग बजरंग लाल स्वामी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, सहायक निदेशक समसा अशोक जांगिड़, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बृजलाल, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी रामदेव सिंह ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर भामाशाह परिवार का सम्मान किया गया। सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ अध्यापक विनोद चौधरी, पंचायत समिति सदस्य बसंत चौधरी, क्षत्रिय वन अधिकारी प्रसून, श्रवणी देवी, वरिष्ठ अध्यापक सरोज चौधरी का प्रेरक के रूप में सम्मानित किया। गांव के गणमान्य नागरिक प्रशासक ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा संजय नेहरा, कैप्टन मंगलचंद, शिवदान सिंह, प्रोफेसर रामकुमार, मक्खन चौधरी, कजोड़ राम, नेतराम सिंह, सुमेर सिंह पत्रकार, रामदेवा राम, रामेश्वर सिंह, केसराम शर्मा, जगदीश जांगिड़, रामगोपाल मीणा, रामचंद्र रेप्सवाल, रामकुमार सिंह, कमलेश मांडीवाल, उम्मेद कुमार, रामेश्वर मावलिया, प्रहलाद मावलिया, लक्ष्मण राम, मक्खन गोसाई, रामचंद्र मेघवाल, कमलेश वाल्मीकि, प्रभात गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, लालचंद मंडीवाल, ताराचंद मंडीवाल, जयचंद्र रेपस्वाल, जगदीश मेघवाल, सीताराम भूपेश, खेमचंद कुलहरी, भागीरथ पंच, घासी सैन, प्राचार्य माया, व्याख्याता कमलेश जाखड़, रोहिताश, महेश सहित लोग उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य हेमंत शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश गढ़वाल और व्याख्याता सिद्धार्थ चौधरी ने किया।

# तेज ठंड से शिशु वाटिका के भैया-बहनों को राहत, भामाशाह ने दिए पचास गद्दे

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** शिशु वाटिका आदर्श विद्या मंदिर उदयपुरवाटी में शिशु कक्षा के नन्हें भैया-बहनें अब इस कड़ाके की ठंड में गद्दों पर बैठकर वंदना कर सकेंगे। शिशु वाटिका के संस्था प्रधान श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि शिवकरण चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता द्वारा सीए वी एन अग्रवाल ने उनकी मांग पर 50 गद्दे उपलब्ध करवाए हैं। संस्था प्रधान के अनुसार उन्होंने अपने मित्र अग्रवाल से निवेदन किया कि इस कड़ाके की ठंड में नन्हे मुन्ने शिशु वंदना सभा में करीब 1 घंटे तक बैठकर वंदना करते हैं। दरियों पर बैठकर वंदना करने से ठंड अत्यधिक महसूस होती है अत: पूरे वंदना हाल में अगर गद्दों की व्यवस्था हो जाए तो सभी भैया-बहनें आराम से सुकून के साथ वंदना कर सकेंगे। छोटे से आग्रह से ट्रस्ट के मुखिया अग्रवाल ने इक्कीस हजार रुपयों की लागत से 50 गद्दे विद्यालय को उपलब्ध करवाये। स्थानीय प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण एवं संस्था प्रधान तथा



विद्यालय परिवार ने भामाशाह का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है साथ ही कहा है कि इस प्रकार के सहयोग की भावना आप सदैव विद्यालय के प्रति बनाए रखें। संस्था प्रधान ने बताया कि पूर्व में तीस गद्दे एक भामाशाह द्वारा दिए गए थे। अधुरे कार्य को सीए वीएन अग्रवाल ने पूर्ण किया अब कुल अस्सी गद्दे शिशु वाटिका आदर्श विद्या मंदिर उदयपुरवाटी में हो गये, जो नन्हे मुन्ने शिशुओं को ठंड से राहत हेतु पर्याप्त है। सभी पांच कक्षा कक्षों व विशाल वंदना कक्ष में गद्दे लगवा दिए गए हैं।

## सीपीआर का दिया प्रशिक्षण



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे की सावित्री विद्यापीठ आदर्श विद्यालय में उदयपुरवाटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डॉक्टर परमानंद द्वारा सीपीआर का प्रशिक्षण शिक्षकों व बच्चों को दिया। डॉ परमानंद ने हार्ट से संबंधित विस्तार से प्रशिक्षण दिया। जिसमें जब सांस में दिक्कत हो जाती है सांस लेने में कठिनाई हो रही हो, नाचते समय, चलते समय, कहीं भी, मरीज को कैसा क्या करना चाहिए, इसके बारे में प्रशिक्षित दिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी बच्चें, स्टाफ जिसमें प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सैनी, सीएचसी उदयपुरवाटी डॉक्टर परमानंद एवं सहायक उपस्थित रहे। राकेश स्वामी, मुकेश सैनी, कृष्ण शर्मा, मुली देवी, टीनू, ममता, आईसा तथा विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## 128 खाद्य लाइसेंस जारी किए



सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला खण्डेला में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदराम मीणा व सुरेश कुमार शर्मा ने 128 खाद्य लाइसेंस जारी किए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ टी शुभमंगला व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में लगाए गए शिविर में खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो की शुद्धता मानकों का ध्यान रखने तथा एफसीसीएआई की गाइडलाइन व नियमों का पालन करने के लिए पाबंद किया गया। शिविर में व्यापार मंडल के नथमल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, प्रमोद पंसारी, बद्रीप्रसाद सैनी, नंदलाल सैनी, अरविंद रायल आदि मौजूद रहे।

## बकाया कर वसूली पर सख्ती



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर द्वारा बकाया नगरीय विकास कर वसूली को लेकर सख्ती जारी है। नगर निगम जयपुर के आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देशानुसार शुक्रवार को हवामहल-आमेर जोन क्षेत्र में बकाया नगरीय विकास कर नहीं चुकाने वाले संपत्ति धारकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा नगर निगम जयपुर मुख्यालय की सतर्कता शाखा के सहयोग से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान कुल चार संपत्तियों को चिह्नित किया गया, जिन पर नगरीय विकास कर के रूप में कुल 18,58,997 की बकाया राशि थी। जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान तीन संपत्ति धारकों ने मौके पर ही बकाया कर राशि जमा करा दी। जिसके पश्चात उनकी संपत्तियों को कुर्की से मुक्त कर दिया गया। वहीं एक संपत्ति पर बकाया राशि जमा नहीं कराने पर नियमानुसार सीज की कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बकाया कर जमा नहीं कराने वाले संपत्ति धारकों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम का उद्देश्य कर वसूली सुनिश्चित कर शहर में बेहतर नागरिक सुविधाएं और विकास कार्यों को गति देना है। नगर निगम जयपुर ने सभी संपत्ति धारकों से अपील की है कि वे समय पर अपना बकाया कर जमा कराएं। अन्यथा उनके विरुद्ध कुर्की एवं सीज जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सामाजिक संस्था एफर्ट्स में एक लाख दस हजार का सहयोग

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति के लिए कार्य कर रही सामाजिक संस्था एफर्ट्स समाजोत्थान हेतु लगातार कार्य कर रही है। एफर्ट्स कोर कमेटी सदस्य सीताराम बास बुडाना ने बताया कि एफर्ट्स कोर कमेटी सदस्य डॉ महेश सरोवा के बड़े भाई, समाज की आन बान शान, सच्चे समाजसेवी डॉ मनोज सरोवा चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट भंडारी हॉस्पिटल जयपुर एवं डॉ आशु कायल सीनियर डर्मेटोलॉजिस्ट - कॉस्मेटोलॉजिस्ट मैट्रिक्स हॉस्पिटल जयपुर ने अपनी लाडो बेटी मिराली सरोवा के जन्मदिन की पावन वेला पर एफर्ट्स में अब तक का सबसे बड़ा एक लाख दस हजार रुपए 110000 का अतुलनीय अविश्वनीय योगदान दिया है। एफर्ट्स कोर कमेटी सदस्यों ने दूरभाष के माध्यम से बेटी मिराली एवं डॉ मनोज सरोवा को जन्मदिन की ढेरों ढेरों बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं साथ ही एफर्ट्स परिवार ने डॉक्टर का आभार व्यक्त किया है।

## ट्रैवल फोटोग्राफी के लिए ओप्पो रेनो 15 सीरीज लॉन्च

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ओप्पो इंडिया ने ट्रैवल फोटोग्राफी और प्रीमियम स्मार्टफोन अनुभव को नया आयाम देने के उद्देश्य से अपनी ऑल-न्यू रेनो 15 सीरीज लॉन्च की है। इस सीरीज में रेनो 15 प्रोएरेनो 15 प्रो मिनी और रेनो 15 शामिल हैं। यह स्मार्टफोन खासतौर पर युवाओं, यात्राप्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों को ध्यान में रखकर विकसित किए गए हैं। रेनो 15 प्रो और रेनो 15 प्रो मिनी में 200 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-क्लियर मेन कैमरा दिया गया है, जो एडवांस्ड ए.आई. फीचर्स और प्योर टोन इमेजिंग टेक्नोलॉजी के साथ शानदार फोटो और वीडियो कैप्चर करता है। नई पॉपआउट फोटोग्राफी फीचर के जरिए यूजर डायनामिक और क्रिएटिव तस्वीरें ले सकेंगे। ओप्पो इंडिया के हेड ऑफ कम्युनिकेशंस गोल्डी पटनायक ने कहा कि रेनो 15 सीरीज प्रीमियम कैमरा, बेहतर ए.आई. और आकर्षक डिजाइन के साथ यूजर्स को ठोस अपग्रेड प्रदान करती है। इसके साथ ही ओप्पो ने अपने इकोसिस्टम का विस्तार करते हुए ओप्पो पैड 5 और ओप्पो एनको बड्स 3 प्रो. भी लॉन्च किए। ओप्पो पैड 5 बड़े एंटी-ग्लेयर डिस्प्ले और ए.आई.पावर्ड नोट-टेकिंग फीचर्स के साथ विद्यार्थियों व प्रोफेशनल्स के लिए उपयोगी है, जबकि एनको बड्स 3 प्रो लंबी बैटरी लाइफ और दमदार साउंड अनुभव प्रदान करते है। रेनो 15 सीरीज़ विभिन्न स्टोरेज वैरिएंट्स में अमेजन, फ्लिपकार्ट, ओप्पो ई-स्टोर और रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होगी।

# तकनीकी व कौशल के उपयोग से नौकरी देने वाले बनें युवा : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि युवा तकनीकी, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए नौकरी देने वाले बनें। आज का समय विज्ञान, तकनीक और नवाचार का युग है। युवा अपने तकनीकी ज्ञान, कौशल और रचनात्मक सोच के सही दिशा में उपयोग करें तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। युवाओं को सोच को बढ़ाते हुए स्टार्टअप, इनोवेशन और उद्यमिता को अपनाना चाहिए। जिला कलक्टर सुराणा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय परिसर में संचालित आई स्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में नेशनल स्टार्ट अप डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के विज्ञान और तकनीक के युग में युवाओं को चाहिए कि वे तकनीकी ज्ञान, कौशल और उद्यमिता को अपनाते हुए केवल नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनें। नवाचार और तकनीक के सही उपयोग से युवा अपने विचारों को साकार कर सकते हैं और समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जिला कलक्टर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोड-चूरू जैसे कार्यक्रम कोडिंग व कम्प्यूटर दक्षता हासिल करने वाले विद्यार्थी इन्क्यूबेशन सेंटर जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्टार्ट अप की दिशा में बेहतरीन कार्य कर सकते हैं। स्टार्ट अप के दौरान विभिन्न वित्तीय सहायता के लिए भी सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने छात्रों को निरंतर सीखने, प्रयोग करने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। सीडीईओ संतोष कुमार महर्षि ने जिले में कोड-चूरू कार्यक्रम व आरआरआर सेंटर की क्रियान्विति के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि युवा कौशल विकास पर फोकस करें और निरंतर मेहनत से अपने सपनों को साकार करें। इन्क्यूबेशन सेंटर के मेंटर जमील खान ने स्टार्ट अप को लेकर प्रजेंटेशन दिया। इस अवसर पर लोहिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा, एसीपी नरेश कुमार, विनोद कुमारी ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान गौरव शर्मा, भवानी, गुरप्रीत लबाना एवं कोड - चूरू कार्यक्रम में इनरोल विद्यार्थी मौजूद रहे।

### लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम एवं आरआरआर सेंटर प्रबंधन से संबंधित वेबसाइट की हुई लॉन्चिंग

इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अभिनव पहल पर जिले में चलाए जा रहे कोड -चूरू कार्यक्रम में इनरोल विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम एवं आरआरआर सेंटर प्रबंधन से संबंधित वेबसाइट की लॉन्चिंग की गई। गौरतलब है कि विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम वेबसाइट पर विद्यालयों की लाइब्रेरी में पुस्तकों की उपलब्धता व नाम आदि ऑनलाइन रूप से संधारित किया जाएगा। विद्यार्थी आसानी से पुस्तकों का शीर्षक चुनाव करके पुस्तक आहरण कर सकेंगे। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जिले के सभी विद्यालयों के पुस्तकालयों में पुस्तकों की उपलब्धता को ऑनलाइन रूप से संधारित किया जाएगा।

इसी क्रम में जिला कलक्टर सुराणा की पहल पर जिले के विद्यालयों में शुरू किए गए आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल) सेंटर के प्रबंधन के लिए भी वेबसाइट लॉन्च की गई। वेबसाइट पर आरआरआर सेंटर पर विद्यार्थियों द्वारा जमा करवाए जाने वाले व उपलब्ध सामान का ऑनलाइन डेटा संधारित किया जाएगा, जिससे जरूरतमंद आवश्यकतानुसार आसानी से सामान ले सकेंगे। इन वेबसाइट्स के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों में पुस्तकालय संचालन को अधिक सरल, पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने के साथ-साथ आरआरआर सेंटर के प्रभावी प्रबंधन में भी सहायता मिलेगी।

लक्ष्मी जांगिड़ और मयंक महर्षि ने वेबसाइट के बारे में प्रजेंटेशन दिया। स्थानीय स्टार्टअप फाउंडर ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान जिला कलक्टर ने कोड-चूरू कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली राउमावि करेजड़ा से दीपिका एवं राउमावि भावनदेसर से परमेश्वरी को लैपटॉप प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

## गोपालपुरा में शून्य कचरा गांव अभियान शुरू



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में शून्य कचरा गांव अभियान शुरू किया गया। जिसमें प्लास्टिक एवं कांच तथा डिस्पोजल आइटम को प्रत्येक गुरुवार को संकलन करने हेतु गांव के हर गली में श्रृंखला संस्थान के सौजन्य से गाड़ी घुमाई जाएगी। प्रशासक सविता राठी ने कहा कि पूरे गांव में इस गतिविधि हेतु घूम कर प्रचार किया गया है कि प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने से गायों एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हो पाएगी। प्रकाश स्वामी ने कहा कि इस अभियान से गांव को कचरे से मुक्त करने की दिशा में सहयोग प्राप्त होगा। ग्रामीण गंगासिंह, श्रृंखला संगठन के अजय कौशिक एवं सुनीता शर्मा, कवि हरिराम, धर्माराम आदि इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीण भंवराराम सारण, श्रवण पलानिया, मुन्ना मेघवाल, मोहन राम, मनोहर नाई, श्रीराम शर्मा, दीपचंद गिलड़ा, श्याम लाहोटी, भींवाराम प्रजापत, धन्नाराम मेघवाल आदि ने योजना का प्रचार किया।

## आज होगा स्वदेशी मेले का आगाज

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** स्वदेशी जागरण मंच व नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में कस्बे के नया बस स्टैंड पर 17 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले का शुभारंभ शनिवार दोपहर 1 बजे मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री कश्मीरी लाल व शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत संघचालक आरएसएस महेन्द्र सिंह मग्गो करेगें, वहीं विशिष्ट अतिथि राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच व प्रांत संघचालक अशोक सिंह शेखावत होंगे। समारोह के दौरान स्वदेशी, आत्म निर्भर भारत और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का सशक्त संदेश दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों सहित कार्यकर्ता व स्वयं सेवक मौजूद रहेगें।

## नगरपालिका की बैठक : 106 करोड़ से अधिक का बजट पारित

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नगरपालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी की अध्यक्षता में बजट बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिशाषी अधिकारी सुनील सैनी ने वित्तीय वर्ष के लिए बजट का विस्तृत विवरण सदन के पटल पर रखा, जिसे सभी पार्षदों ने चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक में आगामी वित्तीय वर्षों के लिए आय और व्यय का जो लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कुल 10609.66 लाख रुपये का बजट अनुमानित किया गया है। राजस्व प्राप्तियां में नगरपालिका को विभिन्न करों और सरकारी अनुदानों से कुल 4933.70 लाख रुपये की आय होने का अनुमान है। विकास पर व्यय में शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक संपत्तियों के निर्माण (पूंजीगत व्यय) हेतु 3457.50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। बैठक का माहौल उस वक्त भावुक हो गया जब बैठक के समापन पर दिवंगत पूर्व पार्षदों को याद किया गया। सदन में मौजूद सभी सदस्यों ने दिवंगत पूर्व पार्षदों की स्मृति में मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और नगर विकास में उनके योगदान को याद किया।

**विकास और पारदर्शिता पर जोर :** पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी ने कहा कि यह बजट चिड़ावा के विकास को नई गति देगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रस्तावित राशि का उपयोग शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा। ईओ सुनील सैनी ने बजट के तकनीकी पक्षों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बड़ेसरा, विभिन्न वार्डों के पार्षद और नगरपालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रसन्न सागर महाराज का कल होगा भव्य मंगल प्रवेश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर के बाद जैन धर्म के प्रमुख व्रत सिंहनिष्क्रीडित व्रत के अन्तर्गत 557 दिन की लगातार मौन साधना एवं 12 हजार से अधिक उपवास तथा निराहार मौन साधना करने वाले प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत, अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ससंघ का 8 वर्ष पश्चात जयपुर में रविवार को भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर चारदीवारी के मुख्य बाजारों में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज जयपुर प्रवास समिति जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दिगम्बर संत प्रसन्न सागर महाराज आचार्य बनने के बाद पहली बार जयपुर आ रहे हैं। अग्रवाल कॉलेज से प्रातः 8 बजे गाजे-बाजे एवं लवाजमे के साथ रवाना होने वाली विशाल शोभायात्रा में पहली बार 1 हजार 251 महिलाएं सिर पर मंगल कलश के साथ आचार्यश्री ससंघ की अगवानी करेंगी। आचार्यश्री ससंघ के मंगल प्रवेश जुलूस एवं आठ दिवसीय भगवत जिनेन्द्र महा अर्चना महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ अनुष्ठान के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति के उपाध्यक्ष राजेश राम का एवं अशोक जैन ने बताया कि मंगल प्रवेश के उपरांत धर्मसभा आयोजित होगी। इसके बाद आचार्यश्री सत्संग विहार करते हुए गांधीनगर स्थित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कुलदीप राजा के निवास पर पहुंचेंगे। जहां वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायमूर्ति एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर गुरु भक्ति एवं आनंद यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लगाए जा रहे हैं शिविर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चयनित चिकित्सा संस्थाओं पर शिविर का आयोजन बच्चों का उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि विभाग की ओर से प्रत्येक ब्लॉक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यरत टीमों द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र और मदरसों में जन्मजात विकृतियों व बीमारियों से ग्रसित बच्चों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जाता है। स्क्रीनिंग के दौरान चयनित बच्चों के उपचार के लिए चिह्नित चिकित्सा संस्थानों पर शिविर लगाए जा रहे है, जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि एसडीएच नेछवा और पीएचसी मावण्डा खुर्द में शुक्रवार को आयोजित हुए शिविर में 249 बच्चों का उपचार किया गया।

वहीं 8 बच्चों को उच्च संस्थान पर रैफर किया गया। एसडीएच नेछवा में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ निधि, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रसन्ता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ ईरम शेख एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ सुमन चौधरी ने ने सेवाएं दी।

वहीं पीएचसी मावण्डा खुर्द में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक दायमा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा जांगिड़, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ कानाराम, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ लीलाराम, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित गर्ग ने सेवाएं दी।

## भगवा ध्वज स्थापित कर भूमि पूजन किया

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के दास बालाजी मंदिर हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा प्रान्त प्रचारक बाबूलाल के सान्निध्य में दास बालाजी मंदिर के पास स्थित नोहरे में भगवा ध्वज स्थापित कर भूमि पूजन पंडित नवीन हरित द्वारा गणेश पूजन से करवाया। इस अवसर पर मातृ शक्ति के मंगल गीतों के बीच प्रभु श्री राम एवं दास बालाजी महाराज की पूजा अर्चना पूरे वैदिक विधि विधान से करवाई गई। प्रान्त प्रचारक बाबूलाल ने उपस्थित गणमान्य लोगों से स्वदेशी संस्कृति, खान पान एवं रहन सहन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को पंच परिवर्तन का प्राण लेना चाहिए ताकि आने वाले समय में स्वस्थ, स्वच्छ एवं सुदृढ़ हिन्दू समाज का निर्माण किया जा सके। रासायनिक खादों एवं प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग से हो रहे गंभीर रोग तथा समाज में घटते हिन्दू और टूटते परिवार हर समस्याओं की जड़ है। हमारी माताओं और बहनों को इन समाज सुधारों के लिए आगे आना चाहिए। गौरतलब है कि आने वाली 25 जनवरी को दास बालाजी हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बुधगिरि मढ़ी फतेहपुर के महंत दिनेशगिरी तथा विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक के सान्निध्य में कलश यात्रा, उद्बोधन, भजन संध्या एवं दास बालाजी का सवामणि भोज कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें हर घर निमंत्रित किया जाएगा। अवसर पर हरिराम कड़ेल, वासुदेव चाकलान, उदय दायमा, सीताराम जांगिड़, सुभाष सोनगरा, प्रकाश तोषावड़, पवन तोषावड़, मुकेश सारस्वत लधासर, विष्णु सोनालिया, मनोज सोनी पार्षद, मुकेश पारीक, मनोज कड़ेल, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुरेश सेवदा, रामदेव चंदनिया, कमला देवी कड़ेल, लक्ष्मी कड़ेल, चंदा भाटी, मंजु, सरोज, पार्वती तोषावड़, गुड्डी भामा, संतोष महायच, नारायणी देवी आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 103 लाइसेंस-रजिस्ट्रेशन मौके पर जारी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी शुभमंगला के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ़रवि शेखावत के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला चोमू में फुड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य कारोबार से जुड़े व्यापारियों को लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। शिविर के दौरान कुल 103 लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें मौके पर ही जारी किया गया। इससे व्यापारियों को त्वरित राहत मिली और प्रक्रिया को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजन में व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश जी अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिनेश जी अग्रवाल, मंत्री नारायण जी शर्मा तथा ज्ञानचंद जी जैन का विशेष सहयोग रहा। प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की कि वे खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए समय पर लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन कराएं। जिससे सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## आप आपरे साथे कार्यक्रम के साथ पार्टी ने बजाया चुनावी बिगुल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आम आदमी पार्टी अपने चुनावी अभियान आप आपरे साथे के माध्यम से राजस्थान के प्रत्येक जिले की प्रत्येक विधानसभा के हर वार्ड व ग्राम पंचायत तक पहुँचने की मुहिम में जुट गई है। इस अभियान की शुरुआत पूरे प्रदेश के हर जिला मुख्यालय पर की जाएगी। आप राजस्थान के प्रभारी धीरज टोकस ने बताया कि प्रत्येक जिले की प्रत्येक विधानसभा के समस्त वार्ड एवं ग्राम पंचायत में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता अपनी टीम के साथ आम जनता से संवाद करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन, मन व धन से जुट जाने के लिए आह्वान किया। सह प्रभारी घनेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला, संभाग व प्रदेश स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटी बना कर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने की व्यूह रचना तैयार की गई है। प्रदेश स्तर पर महासचिव विश्वेन्द्र सिंह व कीर्ति पाठक एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन पालीवाल उक्त अभियान की मॉनिटरिंग करेंगे। संभाग स्तर पर सौरभ चौधरी जयपुर, रमजान खान जोधपुर, राजवीर माली बीकानेर, कपिल राजगुरु अजमेर, चरणदास जाटव भरतपुर, अमित वर्मा उदयपुर व सत्यनारायण पाठक कोटा मॉनिटरिंग करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को एक एक जिले का प्रभार दिया गया है जिस से वे जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर सकें।

## सम्पादकीय

# बेखौफ साइबर अपराधी

## डिजिटल अरेस्ट के बढ़ रहे मामले




दिल्ली में डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर बुजुर्ग महिला कारोबारी से सात करोड़ रुपये की ठगी का मामला यही बता रहा है कि साइबर ठग बेलगाम बने हुए हैं। सात करोड़ रुपये की ठगी के पहले दिल्ली में ही एक एनआरआइ दंपती से 15 करोड़ की ठगी हुई थी। वास्तव में शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो, जब देश के किसी न किसी हिस्से से साइबर ठगी का मामला सामने न आता हो।

हालांकि साइबर ठग बार-बार उन्हीं तौर-तरीकों से लोगों को ठगते हैं, जिनसे पहले तमाम लोगों को ठग चुके होते हैं, लेकिन फिर भी लोग उनके झांसे में आ ही जाते हैं। इनमें कई तो अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग होते हैं। उनके ठगे जाने से यही पता चलता है कि औसत लोग साइबर अपराधियों के तौर-तरीकों को लेकर जागरूक नहीं।

साइबर ठग नकली पुलिस, सीबीआइ, कस्टम, ईडी, आयकर अधिकारी या वकील-जज बनकर जिस आसानी से लोगों से लाखों-करोड़ों रुपये हड़प लेते हैं, उससे हैरानी होती है कि आखिरकार लोग यह क्यों नही समझ पा रहे हैं कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है? नि:संदेह लोगों को साइबर ठगी को लेकर जागरूक होने की जरूरत है, लेकिन इससे कहीं बड़ी जरूरत साइबर ठगों पर शिकंजा कसने की है। यह निराशाजनक है कि पुलिस और अन्य एजेंसियां इसमें सक्षम नहीं हो पा रही हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर साइबर ठगी के बढ़ते मामलों का सुप्रीम कोर्ट की ओर से स्वत: संज्ञान लिए जाने पर केंद्र सरकार ने एक समिति गठित की, जिसमें एनआइए, सीबीआइ, साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर के सदस्यों के अलावा कई मंत्रालयों के अफसर और साथ ही रिजर्व बैंक के संयुक्त सचिव शामिल हैं, क्योंकि यह काम तो बहुत पहले ही कर लिया जाना चाहिए था। आशा है कि सुप्रीम कोर्ट इस समिति की रपट का संज्ञान लेकर ऐसे प्रभावी आदेश-निर्देश देगा, जिनसे साइबर ठगों पर लगाम लगेगी। ऐसा होना ही चाहिए, क्योंकि साइबर ठगी के तहत हड़पी जाने वाली राशि बढ़ती जा रही है। साइबर अपराधी केवल लोगों को डरा-धमकाकर ही ठगी नहीं कर रहे हैं। वे निवेश का आकर्षक लालच देकर भी लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। इससे यही पता चलता है कि वे बेलगाम और बेखौफ हैं। अधिकतर मामलों में वे पकड़े नहीं जाते और यदि पकड़े भी जाते हैं तो हड़पी गई राशि वापस नहीं मिल पाती, क्योंकि वह विदेश भेज दी गई होती है। साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए केवल पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम ही नहीं बनना होना होगा, बल्कि मोबाइल कंपनियों और बैंकों के कामकाज के तरीकों को भी दुरुस्त करना होगा। सरकार को यह समझना होगा कि यदि साइबर ठग बेलगाम बने रहे तो लोग डिजिटल लेन-देन से कन्नी काटने को बाध्य होंगे।

## विशेष आलेख

# अस्थिरता के दौर में आम बजट से अपेक्षाएं, नई महत्वाकांक्षी घोषणाओं पर सबकी नजर

आम बजट में अब एक पखवाड़ा ही शेष बचा है। इससे पहले आर्थिक मोर्चे पर दो विरोधाभासी तस्वीरें दिख रही हैं। एक ओर जहां भारत तेजी से वृद्धि कर रहा है, वहीं सरकार वित्तीय मोर्चे पर अपेक्षाकृत सतर्क दिखाई दे रही है। वह खर्च से लेकर उधारी और कल्याणकारी वादों के प्रति सावधान है। वैसे तो ये दोनों परिदृश्य अपनी-अपनी जगह पर सही हैं, लेकिन अधिकांश लोग इसे समझ नहीं पाते। इसके पीछे एक बड़ा कारण यह पता नहीं होना है कि अर्थव्यवस्था जिस गति से वृद्धि कर रही है, क्या उसी अनुपात में संसाधनों का भी सृजन हो पा रहा है या नहीं?

अच्छे परिदृश्य की पहले चर्चा करें तो भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। सरकार के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। यह पिछले वर्ष की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक होगी। कुछ ही दिन पहले दूसरी तिमाही के आंकड़े भी आए थे, जिनमें 8.2 प्रतिशत की गजब की तेजी दिखी थी। यह वृद्धि सामान्य जनजीवन में भी नजर आती है। वाहनों की बिक्री बढ़ रही है। हवाई यात्रा में तेजी आई है। वित्त, परिवहन, आतिथ्य सत्कार और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों का निरंतर विस्तार हो रहा है। बेरोजगारी में कमी आई है और मनरेगा (जो अब बीवी-जी-राम जी है) के तहत काम की तलाश घटी है। स्पष्ट है कि लोग कहीं बेहतर विकल्प खोज रहे हैं, जो सकारात्मक संकेत है।

हालिया आंकड़ों के अपवाद को छोड़ दिया तो महंगाई का रुख भी नरम है। खाद्य कीमतों से लेकर ईंधन की दरों में स्थिरता बनी हुई है। इससे घरेलू बजट पर दबाव घटा है और रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश बढ़ी है। अगर लोगों के नजरिये से



देखा जाए तो ऊंची वृद्धि और नरम महंगाई की स्थिति बहुत अनुकूल कही जाएगी। तब फिर चिंता किस बात को लेकर है? असल समस्या वृद्धि में नहीं, बल्कि आमदनी के स्तर पर है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो अर्थव्यवस्था अधिक वस्तुएं और सेवाएं तो उत्पन्न कर रही है, लेकिन उनका कुल मूल्य उतनी तेजी से नहीं बढ़ रहा है। बढ़ना तो दूर कुछ क्षेत्रों में तो कीमतें गिर रही हैं। यह सुनने में अच्छा लग सकता है, लेकिन इसके अपने निहितार्थ होते हैं, जिनकी कुछ दूसरे मोर्चों पर कीमत चुकानी पड़ती है। चाहे जीएसटी हो, आयकर हो या कारपोरेट कर, उन पर राजस्व की प्राप्ति लेनदेन के आधार पर ही निर्भर करती है। जब लेनदेन में वृद्धि धीमी होती है तो कर संग्रह भी धीमा हो जाता है। देखा जाए तो पिछले वर्ष की तुलना में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर वृद्धि में कुछ कमजोरी का रुझान है। सरकारी आमदनी भले ही घट जाए, लेकिन वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान और कल्याणकारी योजनाओं की देनदारी तो जस की तस बनी रहती है।

जब सरकार ने सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, आवास और ऊर्जा आदि में बड़े निवेश के इरादे जताए हों तो संसाधनों की आवश्यकता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। इसलिए कोई हैरानी की बात नहीं कि सरकार एक मुश्किल संतुलन साधने की चुनौती का सामना कर रही है। अगर राजस्व प्राप्ति में कुछ संकुचन दिखता है तो जाहिर है कि उसे या तो अधिक उधारी लेनी पड़ेगी या किसी अन्य मोर्चे पर कटौती का विकल्प अपनाना होगा। नई महत्वाकांक्षी घोषणाओं को लेकर भी संयम बरतना पड़ेगा। आगामी बजट के समक्ष इन चुनौतियों से पार पाने की भी एक बड़ी चुनौती होगी। इस कहानी में कई पेच और भी हैं। एक पेच वृद्धि की असमान प्रकृति से भी जुड़ा है। शहरी उपभोग में तेजी बनी हुई है। एक तबका बड़ी तादाद में नई कारें खरीद रहा है तो आलीशान सैर-सपाटे पर खर्च में भी उसे संकोच नहीं। दूसरी ओर, विनिर्माण जैसा महत्वपूर्ण क्षेत्र सुस्ती का शिकार बना हुआ है। हाल में बिजली की मांग में कमी आई है। इसका एक कारण मौसमी भी हो सकता है, लेकिन कुछ औद्योगिक गतिविधियों में शिथिलता को अनदेखा नहीं किया जा सकता। विनिर्माण की महत्ता को इस कारण भी उपेक्षित नहीं किया जा सकता, क्योंकि न केवल इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होता है, बल्कि इससे कर राजस्व को लेकर भी कहीं अधिक निरंतरता बनी रहती है।

बाहरी मोर्चे पर स्थितियां नियंत्रण में अवश्य, लेकिन जोखिम से मुक्त नहीं हैं। मजबूत सेवा निर्यात और विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजी गई राशि के दम पर चालू खाता घाटा कुछ घटा है। विदेशी मुद्रा भंडार भी सहज स्थिति में है, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताएं कभी भी संकट खड़ा कर सकती हैं।

# बचत और खर्च का असंतुलन : नये भारत के लिए बड़ी चुनौती

महामारी के बाद की दुनिया केवल स्वास्थ्य के स्तर पर ही नहीं, बल्कि आर्थिक सोच और व्यवहार में भी एक बड़े संक्रमण से गुज़री है। वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती महंगाई, तकनीक-आधारित बाजार और उपभोक्तावादी संस्कृति के तीव्र प्रसार ने लोगों की खर्च करने की प्रवृत्ति को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। इस बदलाव का सबसे गहरा असर घरेलू बचत पर पड़ा है। भारत सहित अनेक देशों में घरेलू बचत दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उपभोग बढ़ रहा है, लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक बचत निरंतर घटती जा रही है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चिंता का विषय भी बनती जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू बचत सदैव विकास की रीढ़ रही है। बुनियादी ढांचे से लेकर औद्योगिक निवेश तक, भारत की विकास गाथा में घरेलू बचत की भूमिका निर्णायक रही है। परंतु आज स्थिति यह है कि विशेषकर युवा पीढ़ी में बचत की दर 10 से 15 प्रतिशत तक सिमट गई है। यह आंकड़ा किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब बचत और खर्च के बीच असंतुलन एक गंभीर चेतावनी के रूप में सामने आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका को हमेशा निर्णायक माना है और वे बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि बचत केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके अनुसार उपभोग से पहले बचत की संस्कृति युवाओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और दीर्घकालिक सोच का विकास करती है। जन-धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बचत और निवेश के माध्यमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि छोटे-छोटे नियमित निवेश भविष्य की बड़ी आर्थिक शक्ति बनते हैं। मोदी का विचार है कि जब युवा वर्ग आज अनावश्यक खर्च से बचकर बचत और उत्पादक निवेश की ओर अग्रसर होगा, तभी भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेगी; क्योंकि आत्मनिर्भर युवा ही सशक्त भारत की सबसे बड़ी पूंजी है।

भारतीय परंपरा में बचत को केवल आर्थिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सद्गुण माना गया है। आज की बचत, कल का संबल जैसी कहावतें हमारे सामाजिक व्यवहार का हिस्सा रही हैं। गृहस्थ जीवन में संतुलन, संयम और संचय को जीवन-मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया। बच्चों की गुल्लक, अनाज के कोठार, गहनों के रूप में सुरक्षित धन, और त्योहारों पर सीमित व सादगीपूर्ण खर्च-ये सब भारतीय जीवनशैली के अभिन्न अंग थे। संकट के समय भारतीय परिवार किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय अपनी जमा पूंजी और संसाधनों पर भरोसा करता था।

## स्वास्थ्य समाचार

# खाली पेट करें आवंला पाउडर और शहद का सेवन, शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे

पेट और पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने से लेकर शरीर की कई गंभीर परेशानियों को दूर करने के लिए आंवले का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। आंवला में मौजूद गुण और पोषक तत्व कई गंभीर बीमारियों में भी फायदेमंद होते हैं। यही कारण है कि आयुर्वेद में आंवला का इस्तेमाल औषधि के रूप में किया जाता है। आंवले के साथ शहद का सेवन करने से कई गुना ज्यादा फायदे मिलते हैं। शहद में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण शरीर को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। शहद में मौजूद आयरन और आंवले में मौजूद विटामिन सी कई गंभीर परेशानियों में रामबाण होते हैं।



### इम्यून सिस्टम को बनाए मजबूत

इम्यून सिस्टम कमजोर होने से आप जल्दी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। इसकी वजह से आपको सर्दी-खांसी, जुकाम आदि का संक्रमण बहुत जल्दी हो सकता है। आंवला में विटामिन सी की मात्रा होती है और शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं। इन दोनों का एक साथ सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है।

### ब्लड शुगर कंट्रोल करने में फायदेमंद

ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए आंवला और शहद का एक साथ सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन करने से डायबिटीज में फायदा मिलता है और इंसुलिन लेवल को ठीक रखने में मदद मिलती है।

### स्किन को रखे जवान

आंवला और शहद का एक साथ सेवन करने से स्किन से जुड़ी समस्याओं को कम करने में फायदा मिलता है। इसका सेवन करने से स्किन यंग और ग्लोइंग दिखती है।

### पाचन तंत्र के लिए रामबाण

आंवला और शहद का एक साथ सेवन करने से पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में बहुत फायदा मिलता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से अपच, कब्ज, पेट में गैस, ब्लोटिंग जैसी समस्याओं में बहुत फायदा मिलता है।

### सर्दी-खांसी दूर करने में फायदेमंद

सर्दी-खांसी समेत कई तरह के इन्फेक्शन से लड़ने में आंवला और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका नियमित रूप से दो बार सेवन करने से सर्दी-खांसी से छुटकारा मिलता है।

# चेहरे पर आलू के रस में मिलाकर लगाएं हल्दी और बेसन, दूर होंगी कई समस्याएं

आलू स्वाद के साथ ही पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। आलू को सभी तरह की सब्जी के साथ मिक्स करके बनाया जा सकता है। कई लोग आलू का उपयोग आंखों के नीचे हुए काले घेरों को दूर करने के लिए करते हैं। इतना ही नहीं, आलू त्वचा के दाग-धब्बों से भी छुटकारा दिलाने में असरदार होता है। अगर आप अपने चेहरे पर आलू का रस लगाएंगे, तो इससे तमाम समस्याओं से निजात मिल सकता है। आप चाहें तो आलू के रस को सीधे तौर पर चेहरे पर लगा सकते हैं। या फिर आप आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं।



### डार्क सर्कल्स से छुटकारा दिलाए

अगर आप डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके लगा सकते हैं। अक्सर लोग आलू के स्लाइस को आंखों पर रख देते हैं। इससे डार्क सर्कल्स रिमूव करने में मदद मिलती है। लेकिन आप हल्दी और बेसन मिलाकर भी लगा सकते हैं। इससे डार्क सर्कल्स से आसानी से छुटकारा मिल जाएगा। आलू का रस आंखों की सूजन को भी कम करने में मदद करता है। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिक्स कर सकते हैं। इससे त्वचा मुलायम बनेगी।

### दाग-धब्बों से निजात दिलाए

कई लोग अपने चेहरे के दाग-धब्बों से परेशान रहते हैं। दाग-धब्बे चेहरे की खूबसूरती को खराब कर देते हैं। अगर आपके चेहरे पर भी दाग-धब्बे, सनटैनिंग या पिग्मेंटेशन हैं, तो आप दाग-धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं। आलू के रस में विटामिन सी होता है, जो दाग-धब्बों को मिटाने में सहायक होता है। वहीं, हल्दी और बेसन में मौजूद गुण भी दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं।

### डेड स्किन सेल्स रिमूव करे

डेड स्किन सेल्स को समय-समय पर निकालना बहुत जरूरी होता है। इससे त्वचा पर चमक बनी रहती है। इसके लिए आप 2-3 चम्मच आलू का रस लें। इसमें हल्दी, बेसन और चावल का आटा मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 1-2 मिनट के लिए स्क्रब करें। इससे चेहरे पर जमा सारी मृत कोशिकाएं आसानी से निकल जाएंगी। साथ ही, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से भी छुटकारा मिलेगा।

### ऑयली स्किन की समस्या दूर करे

ऑयली स्किन से कई लोग परेशान रहते हैं। ऑयली स्किन पर मुंहासे ज्यादा देखने को मिलते हैं। इतना ही नहीं, ऑयली स्किन वाले लोग मेकअप भी सही तरीके से नहीं कर पाते हैं।

ऐसे में आप अपनी त्वचा की चिपचिपाहट को कम करने के लिए आलू के रस में हल्दी और बेसन मिलाकर सकते हैं। बेसन त्वचा से अतिरिक्त ऑयल को निकालने में मदद करता है। दरअसल, बेसन सीबम के उत्पादन को कम करता है, इससे त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल को कम करने में मदद मिलती है।

### एजिंग के लक्षणों को कम करे

एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए भी आप आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके लगा सकते हैं। आलू का रस झुर्रियों और फाइन लाइंस को कम करने में असरदार होता है। आलू के रस में हल्दी और बेसन मिलाकर लगाने से रोमछिद्र टाइट होते हैं और त्वचा में कसाव बना रहता है। उम्र से पहले एजिंग को रोकने के लिए आलू के रस को इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है।

# मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने के लिए डाइट में शामिल करें यह फूड्स

मेनोपॉज महिला के जीवन का अहम पड़ाव होता है। यह 45 से 50 साल की उम्र की महिला में होता है। इसमें शारीरिक परिवर्तन के साथ मानसिक तौर पर भी बदलाव होता है। इस समय महिला को अपना खास तौर पर ख्याल रखना चाहिए। मेनोपॉज होने से पहले महिला के शरीर में कई तरह के लक्षण नजर आते हैं जैसे तनाव, थकान, भूख कम लगना, रात को अधिक पसीना, मूड स्विंग और हड्डियां कमजोर होने लगना आदि। मेनोपॉज के लक्षण 1 से 2 साल पहले से ही दिखने शुरू हो सकते हैं। मेनोपॉज से गुजर रही महिला के शरीर में कमजोरी काफी हो जाती है। ऐसे में उन्हें अपनी डाइट का विशेष तौर पर ख्याल रखना चाहिए, जिससे महिला की शरीर की कमजोरी दूर हो और वह लंबे समय तक हेल्दी रह सकें। इन फूड्स के सेवन से मेनोपॉज में होने वाले लक्षण कम होते हैं और शरीर को ताकत भी मिलती है।

**सोया उत्पाद :** सोया उत्पाद शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। मेनोपॉज महिला का सोया उत्पाद से बनी चीजों का सेवन करना चाहिए। इसमें फाइटोएस्ट्रोजेन नामक तत्व होता है। मेनोपॉज के दौरान दौरान एस्ट्रोजन का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में यह तत्व मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने में मदद करता हैं। सोया उत्पाद के लिए सोया दूध, चंक या फिर इसकी सब्जी बना कर खाई जा सकती हैं।

**अलसी के बीज :** अलसी के बीज खाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होती हैं। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, सोडियम और पोटेशियम पाया जाता हैं। इसके सेवन से मेनोपॉज के लक्षणों से राहत मिलती हैं। इसमें लिगनेन नामक तत्व पाया जाता है, जो हार्ट को हेल्दी रखता है। अलसी के बीज को दही, दलिया, या सलाद पर डालकर खा सकते हैं।

**मछली :** फैटी फिश शरीर के लिए फायदेमंद होती है। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक होती है, जो सूजन को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। यह मछली खाने से जोड़ों में दर्द की समस्या से राहत मिलती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। इसे ग्रिल करके खाया जा सकता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** मेनोपॉज के दौरान महिला के शरीर में कमजोरी आ जाती है। ऐसे में डाइट में पालक, केल, बींस और गोभी को शामिल करें।

**साबुत अनाज :** साबुत अनाज शरीर के लिए फायदेमंद होता है। डाइट में ब्राउन राइस, क्विनोआ और ओट्स को शामिल करें। इनमें फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो वजन को कंट्रोल करने के साथ पाचन संबंधी समस्याओं को कम करने में मदद करता है। साबुत अनाज के सेवन से शरीर को ताकत मिलती है।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### मिथुन
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कर्क
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### सिंह
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### कन्या
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### तुला
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### वृश्चिक
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मकर
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कुंभ
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### मीन
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

## गौसेवा कर कमाया पुण्य



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव आबसर स्थित बाबा रामदेव गौशाला में शुक्रवार को राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने स्व. लक्ष्मीदेवी की पुण्यतिथि के अवसर पर गौसेवा कर गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्व. लक्ष्मी देवी को श्रद्धांजली भी अर्पित की। इस अवसर पर धर्मेंद्र किलक ने गोशाला में सेवाएं दे रहे ग्वालों का सम्मान भी किया और उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गौसेवा सर्वोपरि सेवा है जो समाज सेवा और जीव दया का श्रेष्ठ उदाहरण है। कार्यक्रम में पंचायत के प्रशासक गिरधारी कांटीवाल, गौशाला संचालक ईश्वर सुथार, सीताराम स्वामी, दामोदर स्वामी, रवि स्वामी, पंकज, प्रताप सिंह, मोहन किलका, गिरधारीलाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## हनुमत रुद्राभिषेक सम्पन्न



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में श्री चौकवाले बालाजी मंदिर के द्वादश वार्षिकोत्सव पर चल रहे दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन प्रथम सत्र में हनुमत रुद्राभिषेक किया गया। पं सुरेश शर्मा के आचार्यत्व में पञ्च विप्रों ने मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी, शिवजी और महालक्ष्मी जी का अभिषेक सम्पन्न करवाया। मंदिर पुजारी पं घनश्याम शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस प्रारंभ हुआ रामचरित मानस पाठ दूसरे दिन प्रात: संपूर्ण होने के बाद रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ। पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के सान्निध्य में शुरू हुए इस अनुष्ठान में राहुल व्यास और मोनिका व्यास दंपत्ति ने देवी देवताओं का आह्वान करते हुए विधि विधानपूर्वक अभिषेक किया। आयोजक व्यास परिवार की ओर से महेश व्यास, प्रदीप व्यास, कुणाल व्यास, सुमन, श्रीकांत, नवीन, दीक्षा, विनीता भाटी, लक्षिता, प्रवीण मीनाक्षी, रौनक, लक्ष्य ,सक्षम, पूर्णा व्यास आदि ने भगवान् का अभिषेक किया। इस अवसर पर मनोज जोशी, राजीव उपाध्याय, रामनारायण व्यास, अरुण रामगढ़िया, नीलमणि नौहाल, प्रकाश चौधरी, भगवान सिंह, राजेश महर्षि, मदन पारीक आदि उपस्थित थे।

## जागरूकता कार्यक्रम आज

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** फोर्टिस एकॉर्ड्स हॉस्पिटल, जयपुर की ओर से घुटने, कूल्हे संबंधी समस्याओं पर जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए संपर्क संवाद सलाह कार्यक्रम का आयोजन आज किया जाएगा। कार्यक्रम रविवार को जिला मुख्यालय के गाडिया टाउन हॉल में सुबह साढ़े 11 बजे से किया जाएगा। फोर्टिस हॉस्पिटल के संजय अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, ऑर्थराइटिस की समस्या तथा उपचार के आधुनिक विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अनुप झुरानी, सीनियर डायरेक्टर रोबोटिक्स जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, फोर्टिस एकॉर्ड्स हॉस्पिटल, जयपुर होंगे। डॉ झुरानी आर्थराइटिस से पीड़ित व्यक्तियों, जॉइंट पेन से परेशान मरीजों और उनके परिजनों को सही चिकित्सा समझ देने के उद्देश्य से मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम विशेष रूप से लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो लोगों दर्द, सूजन या जॉइंट की पुरानी समस्या से जूझ रहे डॉ अनूप झुरानी से परामर्श के लिए अपना नवीनतम एक्सरे सहित अपने मेडिकल दस्तावेज साथ लाएँ।

## ओरल हेल्थ केयर कार्यक्रम आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की श्री शिक्षण एवं सेवा संस्थान जयपुर तथा महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय में ओरल हेल्थ केयर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिला विकास संस्थान की अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षाधिकारी पुष्पलता मंडार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि स्थानीय भाजपा प्रवक्ता कौशल्या सैनी एवं संस्था प्रधान विक्रमसिंह चौहान मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पलता मंडार ने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, दैनिक मुख शुद्धि, परिवेश की स्वच्छता एवं वैचारिक शुचिता के प्रति सतत जागरूक रहने की प्रेरणा दी। संस्था प्रधान विक्रम सिंह चौहान ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षण एवं सेवा संस्थान तथा महिला विकास संस्थान की तरफ से सभी 387 विद्यार्थियों को टूथपेस्ट और ब्रश प्रदान किए गए। इस मौके पर एसएमसी के सदस्य पन्नालाल नवल, हनुमानप्रसाद गाडगिल, खेताराम गाडगिल, भंवरलाल गाडगिल, व्याख्याता मधुबाला टेलर, चंदा सोनी, सुबेसिंह जाखड़, असलम खान, संपत मीणा, शुभकरण दायमा, उर्मिला चौधरी, संतोष शर्मा एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंचिय संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

## गौ सेवार्थ मानस व्याख्यान कल से

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** श्री महावीर सेवा संस्थान व श्री श्याम गौशाला समिति के तत्वावधान में श्री संकट मोचन बालाजी धाम के प्रांगण में गौ सेवार्थ श्रीराम चरित मानस का पंच दिवसीय व्याख्यान कल 18 से 22 जनवरी तक होगा। समिति के सदस्य नरेंद्र झंवर ने बताया कि मानस का संगीतमय व्याख्या गनेड़ी धाम के संत योगी निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज करेंगे।

व्याख्यान का समय दोपहर एक से चार बजे तक रखा गया है। धर्म श्रद्धालुओं के लिए बस स्टैंड, अशोक स्तंभ एसूर्य सिनेमा, घंटाघर व रामचंद्र पार्क से कथा स्थल तक निरूशुल्क वाहन व्यवस्था रहेगी।

# राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा.तारानगर चूरू की माह जनवरी की मासिक बैठक पालाराम जिंदल की अध्यक्षता में सेडूराम बाकोलिया गेस्ट हाऊस में आयोजित की गई। गत बैठक का अनुमोदन किया गया। रामनिवास शर्मा एवं मोहरसिंह के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में 17दिसम्बर को राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के उपलक्ष्य में सभी पेंशनर्स द्वारा कंबल संग्रहण एवितरण, अस्पताल में भर्ती रोगियों को फल वितरण में आवश्यक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उपशाखा द्वारा अब तक 200 कम्बलों का वितरण जरूरतमंदो की बस्ती/मोहल्लों में जाकर स्वयं पेंशनर्स सदस्यों द्वारा जरूरतमंदो को किया गया। मकर संक्रांति के दिन एवं आज भी कम्बलों का वितरण किया गया। सचिव द्वारा विभागीय आदेशानुसार जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन सम्बिंट करने की बढ़ाई गईअंतिम तिथि 31जनवरी से पूर्व सम्बिंट करवाये जाने की जानकारी दी गई। तारानगर का दवा होलसेल भण्डार जांच के दायरे में होने की जानकारी के कारण पेंशनर्स कोआर. जी. एच. एस. के अन्तर्गत दवा मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके सम्बंध में जिला एवं प्रदेश नेतृत्व को अवगत करवाया जाकर समस्या का समाधान करवाये जाने की मांग की गई। पेंशनर समाज उपशाखा को भवन हेतु भूमि आवंटन की प्रगति के बारे में अवगत करवाया गया। इस अवसर पर जीताराम जान्दू, हेतराम भाकर, सुलतानसिंह पूनियां, अत्तरसिंह धींवा, ओमप्रकाश शर्मा, लालचंद जांगिड़, मनीराम सुथार द्वारा विचार व्यक्त किए गये। माह में जन्मदिन वाले उपस्थित पेंशनर्स डूंगर राम गोदारा, श्रीकृष्ण निर्वाण का जन्मदिन मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मिठाई की व्यवस्था माह में जन्मदिन वाले पेंशनर डूंगरराम गोदारा द्वारा की गई एवं श्रीकृष्ण निर्वाण द्वारा पेंशनर समाज को आर्थिक सहयोग किया गया। बैठक में किस्तूरचंद मोठसरा, नंदलाल रेगर, सेडूराम बाकोलिया, अमीलाल धायल, परसाराम शर्मा, रूपराम बेनीवाल, बृजलाल सैनी, विनोदकुमार शर्मा, बीरसिंह, गिरधारीलाल सोलंकी आदि उपस्थित रहे। बैठक का सचिव रामस्वरूप सहारण द्वारा किया गया।

## मंगल कलश यात्रा के साथ विराट पुष्कर महोत्सव का शुभारंभ



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर गौशाला बास में स्थित भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 वी बरसी पर शुक्रवार को 5 कुण्डीय अन्नपूर्णा रुद्र महायज्ञ, भागवत कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ किया गया। इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए भोले बाबा बगीची पहुँची। शोभायात्रा में जीवित झांकिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही बैंड बाजा के साथ महिलाएं मंगल गीत गाते हुए साथ साथ चल रही थी। बगीची के महंत सोमनाथ महाराज, संत सुरजीतनाथ, संत प्रेमनाथ, संत रुद्रनाथ, संत किशननाथ, संत काननाथ, शिवालय पुजारी रामचंद्र शर्मा, अर्जुन शर्मा के सानिध्य में रुद्र अन्नपूर्णा आचार्य पण्डित केदार जोशी व विद्वान पंडितों के द्वारा नापासर वालों के द्वारा अग्नि प्रचलित कर यज्ञ का विधि विधान से शुभारंभ किया गया। रुद्र अन्नपूर्णा में 2100 आहुतिया लगाई महाराज ने भागवत कथा में महात्म्य की कथा गौ कृण उपाख्यान भक्ति गान वैराग्य की महिमा बताई। भागवत में मुख्य यजमान गिद्दाराम सुथार सपत्नीक रहे। कार्यक्रम में बाबूलाल तिवाड़ी लिखमादेसर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, नोरतमल नाई, कालूराम जाट, नंदलाल माली, दौलतराम जाट, हनुमान माली, जोराराम माली, श्यामसुंदर सैनी, भवानी सैनी मंत्री, पूर्णमल लोमरोड, भीकमचंद सुथार, देवकिशन सुथार, पंकज, संतोष नाई, सांवरमल प्रजापत, हरिप्रसाद जोशी पड़िहारा, बाबूलाल टाक, मुन्नालाल प्रजापत, प्रहलाद शर्मा, मंगतमल नाई, राकेश, नंदू प्रजापत, सीताराम जाट, गोविंद माली सहित अनेक भक्तों ने भागवत की पूजा अर्चना की।

## नेत्र व चर्म रोग चिकित्सा शिविर कल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ट्रस्ट द्वारा रविवार को स्व. मोतीलाल गोमती देवी मोदी की स्मृति में सांवरमल, पवन कुमार, बद्रीनारायण, गोविंदलाल, निखिल मोदी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर एवं चर्म व यौन रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में किए जायेंगे। शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला द्वारा चर्म व यौन रोग संबंधित रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया जाएगा।

## गंदे पानी के भराव की समस्या के समाधान की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने पिछले काफी महीनों से सुजानगढ़ की बाइपास रोड स्थित रेलवे फाटक संख्या 3 के सामने मुख्य सड़क पर गंदा पानी भरने की समस्या का समाधान करने की मांग जिला कलक्टर को एक पत्र लिखकर की है। पत्र में बताया गया है कि कई बार पैदल राहगीरों के लिए यह समस्या जी का जंजाल बन जाती है। क्योंकि लोग कीचड़ के चलते पैदल रास्ते को पार नहीं कर पाते। सबसे बड़ी बात है कि इधर का पानी उधर के चक्कर में आम जनता और वाहन चालक पिस रहे हैं। दूसरी ओर सुजानगढ़ के लगभग सभी विभागों के अधिकारी यहां से अपनी गाड़ियों में गुजरते हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

जबकि समस्या सबको नजर आती है। ज्ञापन में बताया गया है कि फरवरी माह से नगरपरिषद में आयुक्त का पद रिक्त है जिसके कारण कर्मचारी जन समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते।

## पार्षद ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगर परिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों का लगातार 9वें दिन भी धरना शुक्रवार को जारी रहा। नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता को एपीओ करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे पार्षद रेवंतमल पंवार ने बताया कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो मैं सोमवार से भूख हड़ताल शुरू करूंगा। धरने पर भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, पन्नालाल सोनी, प्रेम स्वामी, नरेन्द्र प्रजापत, गणेश मण्डावरिया, पार्षद पुरूषोत्तम शर्मा, पार्षद गौरव इन्दौरिया, प्रेमप्रकाश स्वामी, पार्षद हरिओम खोड, रविन्द्र पांडे, अशोक कुमार तिवाड़ी, प्रकाश भार्गव, मनीष दाधीच, राजकुमार तेजी, विष्णु दाधीच, तुषार शर्मा, प्रदेश कुमार वाल्मीकि, महेश जोशी, राजकुमार बागड़ा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सेना दिवस पर झुंझुनू के लाल को राष्ट्रीय सम्मान

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सेना दिवस के अवसर पर झुंझुनू जिले के कासिमपुरा निवासी देश के वीर सपूत कर्नल दिनेश फोगाट पुत्र हरफूल सिंह फोगाट को जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में सेना प्रमुख द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी अद्वितीय वीरता, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। कर्नल दिनेश फोगाट वर्तमान में 226 फील्ड रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर हैं। उनके नेतृत्व में यूनिट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण शौर्य का परिचय दिया। पहलगाम हमले के बाद नियंत्रण रेखा पर तैनाती के दौरान रेजिमेंट ने न केवल एलओसी पर बल्कि भीतर स्थित पाकिस्तानी चौकियों को भी सटीक आर्टिलरी फायर से भारी नुकसान पहुंचाया। चार दिनों तक चले इस ऑपरेशन में दुश्मन को लगातार दबाव में रखा गया, जिससे उसकी रणनीतिक क्षमताएं बुरी तरह प्रभावित हुई। सेना प्रमुख ने कर्नल फोगाट की बहादुरी और उनके नेतृत्व में 226 फील्ड रेजिमेंट के अनुशासन, साहस और युद्ध कौशल की सराहना करते हुए इसे भारतीय सेना के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। कर्नल फोगाट को मिले इस राष्ट्रीय सम्मान से पूरे झुंझुनू जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है। जिलेवासियों ने इसे झुंझुनू के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कर्नल फोगाट को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चरस की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस की ओर से नशे के खिलाफचला, जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी और सिन्धी कैम्प थाना पुलिस ने संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले दो तस्करों को धर-दबोचा है और उनके पास से 234 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि ऑपरेशन श्क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी और सिन्धी कैम्प थाना पुलिस ने संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले मोहम्मद सोहेल खान 26 निवासी मुरलीपुरा और मितुल चौधरी 28 हरमाड़ा जयपुर हाल खाटूश्यामजी जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 234 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद किया गया।

## राजस्थान विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट टीम प्री-क्वार्टरफाइनल में



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गोवा विश्वविद्यालय को 25 रनों से पराजित किया। जिसमें तनिका को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व राजस्थान विश्वविद्यालय ने डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, पुणे को 10 विकेट से तथा सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट को 129 रनों के बड़े अंतर से हराया। जिसमें अनुष्का प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। टीम के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय प्रशिक्षक एकता प्रमोद सिंह के कुशल प्रशिक्षण एवं रणनीति को जाता है। खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय के सहायक निदेशक डॉ. प्रमोद सिंह ने बताया कि प्री-क्वार्टरफाइनल में टीम का मुकाबला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से होगा। खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रतिभा सिंह रतनू ने टीम को अगले दौर के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## तीन दिवसीय स्टाल में सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के तत्वावधान में आयोजित आरोग्यम हेल्थ कैंप 2026 में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान डीजेजेएस की ओर से तीन दिवसीय स्टाल का सफल आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता और जनकल्याण को समर्पित इस स्टाल पर सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर आयुर्वेदिक उत्पादों, स्वास्थ्य सप्लीमेंट्स तथा परामर्श सेवाओं का लाभ लिया। स्टाल के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य से जुड़ा समग्र परामर्श प्रदान किया गया। संस्थान के विशेषज्ञों ने तीनों दिनों तक आयुर्वेदिक औषधियों की उपयोगिता, उनके प्रभाव और प्राकृतिक उपचार पद्धतियों के बारे में लोगों को जागरूक किया। स्टाल पर दैनिक उपयोग के शुद्ध उत्पाद, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले प्राकृतिक हेल्थ सप्लीमेंट्स तथा विभिन्न रोगों के उपचार हेतु आयुर्वेदिक औषधियां प्रदर्शित की गईं। खास बात यह रही कि ये सभी उत्पाद आमजन के लिए सुलभ दरों पर उपलब्ध कराए गए, ताकि समाज का हर वर्ग इनके लाभ से वंचित न रहे। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन की अवधारणा को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। राजस्थान सरकार के इस स्वास्थ्य महाअभियान से जुड़कर संस्थान ने मानव सेवा के अपने संकल्प को और अधिक मजबूती दी है।

## गणतंत्र दिवस पर्व की तैयारियां को लेकर बैठक आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की स्थानीय पंचायत समिति के वी.सी. हॉल में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारण करने तथा व्यवस्थाओं हेतु उपखण्ड अधिकारी मिथलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नानुसार सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाकर कार्यक्रम निर्धारण किया गया व व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। बैठक जन प्रतिनिधि, अधिकारी, विभागीय प्रतिनिधि व विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## धर्म गुरू सम्मेलन में छाया गौ हत्या निषेध का मुद्दा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर सेवा न्यास की ओर से मुरलीपुरा स्थित श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर में धर्म गुरु सम्मेलन, संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और प्रसादी ग्रहण की। मंदिर महंत महाराज बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि आयोजन के दौरान देश-प्रदेश से पधारे संत-महात्माओं की उपस्थिति में सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में पाठ किया। कार्यक्रम में गलता पीठ के स्वामी अवधेशाचार्य महाराज, सालासर बालाजी धाम से डॉ. विष्णुदत्त पुजारी, हाथोज धाम के बालमुकुंदाचार्य महाराज, सियाराम बाबा जी की बगीची के महंत हरिशंकर दास वेदांती महाराज, पापड़ वाले हनुमान जी के महामंडलेश्वर स्वामी राम सेवक दास महाराज, संकट मोचन हनुमान मंदिर आश्रम के गोपाल शरण महाराज, कदम की डूंगरी के शंकर दास महाराज, महंत स्वामी बसंतानंद सरस्वती महाराज, भूतेश्वर महादेव मंदिर के महंत महेश दास जी महाराज, खोजी पीठ त्रिवेणी धाम के स्वामी नरसिंह दास महाराज, गायत्री परिवार के मनु महाराज, हाड़ोता धाम अंजनी माता के निज महंत हरिशंकर दास महाराज ग्वालिया बाबा, किष्किंधा धाम के महाराज सहित अनेक संत-महात्मा शामिल रहे। संतों-महंतों ने गौ संरक्षण, गौहत्या निषेध एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर विचार व्यक्त किए। आयोजन के दौरान श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर सेवा न्यास के तत्वावधान में मंदिर संचालन एवं सेवा समिति का शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष सुभाष चंद खंडेलवाल, उपाध्यक्ष पवन गोयल, महासचिव हनुमान सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष प्रिशा खंडेलवाल, मंत्री बीएल शर्मा, संगठन मंत्री राजूलाल सैनी चुने गए हैं। सभी पदाधिकारियों ने मंदिर के विकास का संकल्प व्यक्त किया।



# पर्यटकों के लिए खास है राजस्थान का उदयपुर शहर

जब भी राजस्थान घूमने की बात होती है तो उदयपुर का नाम अवश्य लिया जाता है। यह राज्य का प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां पर कई विरासत स्थल, झीलें और अरावली पर्वत श्रृंखलाएं इस जगह की सुंदरता में चार चांद लगाती हैं। पिछोला झील, उदयपुर सिटी पैलेस, कुंभलगढ़ किला आदि उदयपुर के कुछ वर्ल्ड फेमस टूरिस्ट प्लेस हैं। इस शहर को उदयपुर के महाराणा उदय सिंह द्वारा बनाया गया था और बाद में यह मेवाड़ साम्राज्य की राजधानी बन गया। राजवंश के कई शासकों के अधीन यह शहर फला-फूला। इसका समृद्ध इतिहास इसे अन्य राज्यों से काफी अलग बनाता है। यही कारण है कि इस शहर से जुड़े ऐसे कई फैक्ट्स है, जिसके बारे में लोग अभी तक नहीं जानते हैं। हो सकता है कि आप राजस्थान के इस शहर में घूम चुकी हों या फिर घूमने जाना चाहती हों।

### संत के आशीर्वाद से अस्तित्व में आया

एक बार 15वीं शताब्दी में, जब मेवाड़ वंश के महाराणा उदय सिंह द्वितीय पिछोला झील के पास शिकार करने के लिए जा रहे थे, तो उन्हें एक ऋषि मिले जिन्होंने उन्हें एक विशेष स्थान पर एक महल बनाने की सलाह दी और उन्हें आशीर्वाद दिया कि यह उसके और उसके लोगों के लिए एक सुरक्षित जगह हो। इसके बाद उदयपुर राज्य अस्तित्व में आया।

### बना मेवाड़ की राजधानी

सिसोदिया वंश के महाराजा उदय सिंह ने उदयपुर शहर की स्थापना की थी। बाद में उनके राज्य की राजधानी को चित्तौड़गढ़ से उदयपुर स्थानांतरित कर दिया गया। इस तरह प्राचीन काल में उदयपुर का अपना एक अलग महत्व था।

### सबसे लंबी दीवार

उदयपुर का कुंभलगढ़ किला एक महत्वपूर्ण विरासत स्थल है। किला शहर से 80 किमी से अधिक दूर स्थित है, और चीन की महान दीवार के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार है। किले की दीवार 36 किमी तक फैली हुई है। कुम्भलगढ़ किला मेवाड़ के शासकों द्वारा निर्मित प्रमुख किलों में से एक है। यह दुश्मन के आक्रमणों के खिलाफ एक कवच की तरह काम करता था। किंवदंती यह भी है कि मेवाड़ के प्रसिद्ध शासक महाराणा प्रताप का जन्म कुंभलगढ़ किले में हुआ था।

### झीलों का शहर

उदयपुर को झीलों के शहर के रूप में भी जाना जाता है। दरअसल, इस शहर में कई झील स्थित है। इतना ही नहीं, शहर में एक इंटरकनेक्टेड लेक सिस्टम है जो ग्राउंड वाटर के रिजेनरेशन में मदद करती है और जलवायु परिस्थितियों को नियंत्रित करती है। फतेह सागर झील, जयसमंद झील, पिछोला झील, बड़ी झील आदि पर यहां पर मौजूद कई प्रसिद्ध झीलें हैं।

### दुनिया का सबसे रोमांटिक होटल

लेक पैलेस या जग निवास झील पिछोला में ताज समूह द्वारा संचालित एक विरासत होटल है। यह कभी सिसोदिया शासकों का ग्रीष्मकालीन महल था। इसे दुनिया और भारत में सबसे रोमांटिक होटल के रूप में देखा जाता है। तो अगर आप उदयपुर में हैं तो आपको एक बार इस होटल को जरूर देखना चाहिए।

### एशिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्टिफिशियल लेक

जयसमंद झील या ढेबर झील को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्टिफिशियल लेक माना जाता है। इसका निर्माण 17वीं शताब्दी में राणा जय सिंह के शासन काल में हुआ था। झील का निर्माण गोमती नदी पर बांध बनाते समय किया गया था। झील पूर्ण होने पर 87 किमीट्ट के क्षेत्र को कवर करती है, और यह 102 फीट गहरी है। कॉपर और जिंक का प्रमुख स्त्रोत



# नोएडा के बेहद पास हैं यह खूबसूरत वादियां

**हिल स्टेशन्स पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में आप अपने परिवार के साथ वादियों में सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। यूं तो भारत में कई हिल स्टेशन मौजूद हैं, लेकिन आपके शहर से थोड़ी दूरी पर अगर कोई हिल स्टेशन स्थित हो, तो वीकेंड और भी खास बन जाता है।**

### नौकुचियाताल

यह खूबसूरत हिल स्टेशन हिमालय की तलहटी में बसा हुआ है। यहां के प्राकृतिक दृश्य आपका मन मोह लेंगे। ऐसे में आप अपनी फैमिली के साथ इस हिल स्टेशन पर अच्छा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। यहां के खूबसूरत पहाड़, झील के किनारे और शांत माहौल आपको एक अच्छा अनुभव देंगे। आप यहां पर नौकुचियाताल झील, सत्तल झील, रानीखेत, भीमताल झील जैसी खूबसूरत जगहों का लुफ्त उठा सकते हैं। यह हिल स्टेशन नोएडा शहर से 350 किलोमीटर की दूरी पर है। जहां आप करीब 6 से 7 घंटे में वाया रोड पहुंच सकते हैं।



### रामगढ़

अगर आप नौकुचियाताल घूमने जाएंगे तो ऐसे में आप वहीं से रामगढ़ की तरफ घूमने के लिए भी निकल सकते हैं। यहां की घुमावदार सड़कें आपकी यात्रा को और भी खास बना देगी। गर्मियों के दिनों में यहां की शांति आपके मन को सुकून देगी। ऐसे में भीड़-भाड़ से दूर आप इस हिल स्टेशन पर फैमिली के साथ अच्छा वक्त बिता सकते हैं।

### रिवालसर

यह खूबसूरत और शांत हिल स्टेशन मंडी जिले में स्थित है। इतना ही नहीं यह हिल स्टेशन कई मायनों में सिख, हिंदू और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए आस्था का केंद्र भी है। यही वजह है कि यह हिल स्टेशन भारतीय सांस्कृतिक खूबसूरती और प्राकृतिक दृश्यों का अनोखा मेल है। बता दें कि यह हिल स्टेशन नोएडा से करीब 450 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां जाने में आपको 9 से 10 घंटे लग सकते हैं।



### परवाणू

परवाणू हिमाचल प्रदेश के सबसे खास ऑफबीट डेस्टिनेशन में से एक है। ऐसे में शांतिपूर्ण वीकेंड के लिए आप इस जगह को चुन सकते हैं। यहां के प्राकृतिक नजारे और घने जंगल में आपका मन कहीं खो जाएगा। बता दें कि यह हिल स्टेशन नोएडा से 346 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, ऐसे में वाया रोड आप यहां पर 6 से 7 घंटे में पहुंच सकते हैं।

### कौसानी

अगर आप शहर की भीड़-भाड से दूर कुछ अच्छा समय बिताना चाहते हैं तो कौसानी को ट्रैवल बकेट लिस्ट में शामिल करें। यह जगह कुमाऊं क्षेत्र के अल्मोड़ा से करीब 60 किलोमीटर दूरी पर बसा हुई है। ऐसे में वीकेंड ट्रिप के लिए आप यहां पर घूमने जा सकते हैं। यहां पर घूमने के लिए नंदा देवी, पंचाचूली चोटी और त्रिशूल जैसे टूरिस्ट स्पॉट मौजूद हैं, जहां आपका वक्त अच्छा बीतेगा।



# केटी वैली की खूबसूरती के आगे फेल है हिमाचल और उत्तराखंड

भारत अपनी हसीन खूबसूरती के लिए दुनिया भर में फेमस है। प्रसिद्ध मंदिरों, झील-झरने, फोर्ट्स के अलावा समुद्री तट और ऊंचे-उंचे पहाड़ देश की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिंदुस्तान अपनी बेहतरीन और मंत्रमुग्ध कर देने वाली घाटियों के लिए भी दुनिया भर में फेमस है। स्पीति वैली, सांगला वैली या वैली ऑफ फ्लावर्स, अरकू घाटी और बसपा घाटी जैसी चर्चित घाटियों के बारे में आप जानते ही होंगे।



### कहां है केटी वैली

सबसे पहले यह जान लेते हैं कि केटी वैली भारत के इस राज्य में मौजूद है। दरअसल, केटी वैली किसी एक निश्चित सीमा में नहीं है, बल्कि यह तमिलनाडु में कुन्नूर से लेकर ऊटी तक फैली हुई है। तमिलनाडु में कुन्नूर से लेकर ऊटी तक फैली हुई केटी वैली खूबसूरत पहाड़ियों का एक संगम स्थल है। आपको बता दें कि केटी वैली निलगिरी की पहाड़ियों में मौजूद किसी हसीन जन्नत से कम नहीं है। यह भी बता दें कि केटी वैली को तमिनाडु की सबसे बड़ी वैली बोला जाता है।

### केटी वैली की खासियत क्या है?

केटी वैली की खूबसूरती सिर्फ तमिलनाडु या दक्षिण भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में फेमस है। केटी वैली की खूबसूरती इस कदर फेमस है कि इसे कई पर्यटक स्विट्जरलैंड ऑफ नीलगिरी के नाम से ही जानते हैं। केटी वैली अपनी हसीन खूबसूरती के साथ-साथ मनमोहक दृश्यों के लिए काफी फेमस मानी जाती है। हसीन पहाड़, झील-झरने और बदलों से ढके पहाड़ वैली की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं।

### प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत है केटी वैली

जिस तरह सैलानी के बीच में स्पीति वैली, सांगला वैली या वैली ऑफ फ्लावर्स फेमस है, ठीक उसी तरह प्रकृति प्रेमियों के लिए केटी वैली किसी हसीन जन्नत से कम नहीं है। साल के हर महीने में यह वैली हरियाली से परिपूर्ण रहती है। केटी वैली सिर्फ प्रकृति प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि फोटोग्राफी करने वाले लोगों के लिए भी किसी हसीन जन्नत से कम नहीं है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ऊटी में चलने वाली टॉय ट्रेनकेटी वैली से भी गुजरती है। इसलिए कई लोग ऊटी टॉय ट्रेन का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते रहते हैं।

### केटी वैली में इन चीजों का लुत्फ उठाएं

केटी वैली में आप कई बेहतरीन चीजों का लुत्फ उठा सकते हैं। केटी वैली में ट्रेकिंग करने के साथ-साथ रॉक क्लाइंब भी कर सकते हैं। केटी वैली की हसीन पहाड़ों के बीच में कैंप लगाकर भी स्टे कर सकते हैं। केटी वैली में घूमने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से रूबरू हो सकते हैं। वैली में रहन वाले ट्राइब्स से भी रूबरू हो सकते हैं। आपको बता दें कि यह घाटी चाय बागानों के साथ-साथ कॉफ़ी उत्पादक के लिए काफी फेमस है। इस वैली में कई प्राचीन मंदिर भी मौजूद है, जहां आप जा सकते हैं।

### केटी वैली कैसे पहुंचें?

केटी वैली पहुंचना बहुत आसान है। इसके लिए देश के किसी भी हिस्से से ऊटी पहुंच सकते हैं और ऊटी से केटी वैली जा सकते हैं। ऊटी हिल स्टेशन से केटी वैली की दूरी करीब 12 किमी है।

# नेचुरल ब्यूटी की अद्भुत मिसाल है सोनमर्ग के यह खूबसूरत डेस्टिनेशन

जम्मू और कश्मीर में ऐसे कई पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरती, पहाड़ों की ऊंची चोटियां, ट्रेकिंग, तीर्थ स्थलों और अद्भुत नजारों के लिए जाने जाते हैं। सोनमर्ग भी जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित एक ऐसा ही फेमस पर्यटन स्थल है। यह अपनी प्रकृतिक सुंदरता, झीलों, दर्रे और पर्वतों के लिए पूरे वर्ल्ड में फेमस है। समुद्र सतह से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित सोनमर्ग अमूमन बर्फ की चादरों से ढका रहता है। वसंत ऋतु में सोनमर्ग जब सुंदर और खूबसूरत फूलों से ढक जाता है तो इसका नजारा सैलानियों को और भी ज्यादा आकर्षित करता है।

### कृष्णासर

सैलानियों के घूमने लिए सोनमर्ग में सबसे पसंदीदा जगह कृष्णासर दर्रा है। अपने बेहतरीन प्रकृतिक सुंदरता और एडवेंचर के लिए यह जगह परफेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। ट्रेकिंग और adventurous करने के लिए भी यह जगह बेस्ट है। कृष्णासर दर्रा के बगल में ऐसी कई झीलें भी है, जिसका अद्भुत नजारा सैलानियों को खूब भाता है। वसंत ऋतु में इस जगह की खूबसूरती और भी अधिक हो जाती है। अगर आप भी जम्मू और कश्मीर के सोनमर्ग घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इस जगह जाना ना भूलें।

### बालतल

अगर आपके परिवार में से कोई सदस्य अमरनाथ यात्रा के लिए गया हो तो वह इस जगह की सुंदरता के बारे में आपको आसानी से बता सकता है। अगर आपको नहीं मालूम है तो आपको बात दें कि अमरनाथ मंदिर यात्री इसी मार्ग से होकर जाते हैं। ज़ोजी-ला दर्रे के पास मौजूद इस जगह को सोनमर्ग के बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन में एक माना जाता है। यहां पर सैलानियों के लिए हमेशा कैम्प लगे रहते है, जहां वह आसानी से रुक सकते हैं। बालतल पर्यटन स्थल पर आपको ट्रेकिंग और river rafting जैसे कई adventurous वर्क का भी लुफ्त उठा सकते हैं।

### विशनसर झील

सोनमर्ग को झीलों की नगरी भी कहा जाता है। यहां छोटी-बड़ी कई झीलें है। समुद्र सतह से लगभग 3710 मीटर की ऊंचाई पर स्थित विशनसर झील अपने आकर्षित दृश्य और प्रमुख पर्यटन स्थल के लिए जाना जाता है। इस जगह पर जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 1 द्वारा शितकादी गांव पहुंचे और फिर ट्रेकिंग के माध्यम से या फिर घोड़े के माध्यम से यहां पहुंचे। अपने फैमिली और दोस्तों के साथ एक शांत और प्राकृतिक जगह पर समय बिताना चाहते हैं तो या डेस्टिनेशन आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

### थजिवास ग्लेशियर

भारत का स्वर्ग, जम्मू और कश्मीर को ऐसे ही नहीं कहा जाता है। सोनमर्ग का थजिवास ग्लेशियर भी कुछ इसी तरह का है। इस जगह को जम्मू और कश्मीर में धरती का स्वर्ग माना जाता है। सफ़ेद बर्फ की चादरों में लिपटी यह जगह पर्यटकों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है। बर्फ-बारी के दौरान इस जगह पर पर्यटकों का हमेशा जमावड़ा और भी अधिक लगा रहता है। यहां ठंड में अमूमन पारा शून्य से नीचे रहता है। प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेना हो तो आपके लिए ये बेस्ट डेस्टिनेशन होने वाला है।

### गद्सर झील

गद्सर झील अपनी खूबसूरती के साथ फूलों की घाटी नाम से जाना जाता है। समुद्र तल से लगभग 5000 मीटर की ऊंचाई में स्थित गद्सर झील से हिमालय की मनमोहक दृश्य के नजारे का लुफ्त उठा सकते हैं। इस झील के पास मौजूद अल्पाइन फूलों के बाग की यात्रा आपको और भी मोहक लगेगी। वसंत ऋतु में इन फूलों की खूबसूरती देखने लायक होती है। अगर आपको हरे-भरे पेड़-पौधों और बेहतरीन फूलों से लगाव है तो यहां जरूर पहुंचे।



### कब जाएं

सोनमर्ग की सैर करने के लिए आप नवंबर से अप्रैल के बीच और मई से अक्टूबर के बीच जा सकते हैं। अगर आपको यहां की बर्फबारी का आनंद उठाना हो तो नवंबर से अप्रैल के बीच में यहां जा सकते हैं।

## कांग्रेस नेताओं ने सौंपा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कांग्रेस नेताओं ने नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर एसआईआर के तहत बल्क आपत्तियां नहीं लेने की मांग की है। साथ ही जयपुर में बीएलओ को धमकाने की घटना की निंदा करते हुए भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोक लगाने की मांग की है। कांग्रेस नेता इदरीश गौरी, अमित मारोठिया ने बीएलओ को धमकाने की घटना को लोकतंत्र की हत्या बताया और कहा कि बीएलओ और बीएलए इंसान ही हैं लेकिन एक दल के लोग उन पर बेवजह का प्रेशर बनाकर उनको परेशान कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा, विद्याधर बेनीवाल, सिराज खान कायमखानी, साबिर अली चौहान, पूनमचंद मेघवाल, पार्षद जाकिर क्याल, पार्षद ईकबाल खां कायमखानी, राजकुमार इंदौरिया, ओंकारमल मेघवाल, रेखाराम मेहरड़ा, असलम मौलानी, विवेक लाटा, कन्हैयालाल माली, रामचंद्र गोदारा, सलीम बेहलीम, धनंजय महरिया, मास्टर दाऊद काजी, रामनिवास गुर्जर, अमजद खान कायमखानी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल विद्यालय का शिलान्यास समारोह 19 को

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** चतुर्मंगल शिलान्यास महोत्सव आचार्य महाश्रमण इन्टरनेशनल विधालय का शिलान्यास समारोह 19 जनवरी दोपहर 1:31 बजे जैन संस्कार विधि से सम्पन्न होगा द्य विधा का विकास हो, संस्कार सम्पन नैतिक शिक्षा दी जाय इस हेतु सम्पूर्ण देश में तेरापंथ महासभा द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा द्यवरिष्ठ संस्कारक एवं महासभा उपाध्यक्ष संजय खट्टेड़ विशेष रूप से उपस्थित रहेगे इन्द्र चन्द बैद कवि श्ने बताया कि शिलान्यास कर्ता भामाशाह कमल किशोर, स्नेहलता, संदीप ललवानी का योगदान महत्वपूर्ण है। समारोह के मुख्य अतिथि बिहारी लाल बिश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि न.पा. अध्यक्ष नारायण झवर होगे । जयपुर हाइवे पर सोमलसर मे यह भूमि स्थित है तेरापंथ सभा नोखा अध्यक्ष शुभकरण चोरड़िया, उपाध्यक्ष लाभ चन्द छाजेड़, मन्त्री मनोज घीया यूवक परिषद अध्यक्ष निर्मल चोपड़ा, महिला मण्डल मन्त्री मोनिका बैद, पूर्व अध्यक हनुमानमल ललवाणी एवं सभी संस्था के सदस्य सक्रियता से घर-घर पहूचकर शिलान्यास कार्यक्रम मे सम्मिलित होने कि प्रेरणा कर रहे है। नोखा मे इस प्रकार के महाविद्यालय का होने गर्व की बात हे शिक्षा क्षेत्र मे नया विकाश होगा लोगो मे प्रशनता है ।

## दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिला विशेष टीम जयपुर पूर्व डीएसटी और पुलिस थाना जामडोली ने संयुक्त कार्रवाई कर एक संगठित दुपहिया वाहन चोर गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई आठ मोटरसाइकिल बरामद की हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि डीएसटी पूर्व और जामडोली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले वीरेन्द्र उर्फ विक्रम मीणा 23 और शैलेन्द्र कुमार जाटव 20 को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपित महुआ जिला दौसा के रहने वाले है। आरोपित वीरेन्द्र उर्फ विक्रम मीणा थाना महुआ का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं शैलेन्द्र कुमार जाटव के खिलाफ भी आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से सामने आया कि वह संगठित गिरोह बनाकर जयपुर शहर में रात के समय और मौका मिलने पर दिन में भी मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपी एक साथ तीन से चार मोटरसाइकिल चोरी कर जयपुर से बाहर गांवों में ले जाते थे। जहां पहले से तय ग्राहकों को 7 से 8 हजार रुपए में वाहन बेच देते थे। अब तक दोनों आरोपी जयपुर शहर से दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर चुके हैं। थानाधिकारी प्रहलाद नारायण ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जामडोली, खोह नागोरियान, कानोता, जयसिंहपुरा खोर और खेड़ली मोड़ भरतपुर क्षेत्र से चोरी की गई आठ मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य चोरी की वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## साध्वी कान कंवर का संथारा जारी



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जेन धर्म संघ मे संथारा लेना पण्डित मरण, तीसरा मनोरथ फलना पुणयाई ओर भाग्यशाली ही कर सकते हे आचार्य श्री महाश्रमणजी की शिष्या शाशन श्री कांन कवर जी का तिविहार संथारा चौथे दिन और चौविहार उपवास संलेखना का सातवा दिन उच्च परिणामो सहित जारी है 98 वर्षीय साध्वी श्री तेरापंथ धर्म संघ मे आयु एवं संयम पर्याय मेसबसे जेष्ठ है। संयम पर्याय के 84 वर्ष हो गये हैद्य आचार्य श्री तुलसी के द्वारा संयम ग्रहण किया द्यइन्द्र चन्द बैद कवि ने बताया हे कि विलक्षण एवं नोखा मे ऐतिहासिक संथारा है। उठना, बेठना ओर चेतना स्वाध्याय, बोलना सब इन्द्रियॉ ठीक हे। प्रातरू बाहर व्हील चेयर पर पधार कर सबको दर्शन देना आत्मबल संयमबल एवं गुरु देव की शक्ति का परिचायक है। तेरापंथ सभा अध्यक्ष शुभकरण चोरड़िया, मन्त्री मनोज घीया महिला मण्डल मन्त्री मोनिका बैद, तेयूप अध्यक्ष निर्मल चोपड़ा, किशोर मण्डल, कन्यामण्डल, नातिले परिवार सभी जाप, उपवास एऐकासन त्याग-प्रत्याखान मे लगे हुऐ है बाहर व स्थानीय लोगो का संथारा साधिका साध्वी कान कवर ज के दर्शनार्थ तांता लगा हुवा हे। फिलहाल संथारा गतिमान है। पवित्र निर्मल आत्मा उच्चगति की ओर अग्रसर है, धार्मिक नगरी नोखा मे आध्यात्मिक माहोल है।

# गौ सवामणी कर मनाया जन्मदिवस

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ प्रबंधन कार्यकारिणी सचिव मूलशंकर शर्मा गोठवाल का गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा की अध्यक्षता में जन्मदिन कार्यक्रम गौसेवा मुहिम के दौरान गौ सवामनी करके मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गौ माता अनेक विकारों का निदान करती है, वहीं व्यक्ति अपना जन्मदिन या अन्य कोई विशेष खुशी का कार्यक्रम गौसेवा के साथ करना एक पुण्य कृत्य है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए, ताकि गौ माता की सेवा के साथ संरक्षण भी हो सके। इस दौरान सचिव शर्मा ने परिजनों संग गोशाला में गौ सवामनी करके गौसेवा कार्य किया।

शर्मा ने कहा कि शहर में प्राचीन विरासत की श्रेणी की गोशाला में गौसेवा के अनेक प्रकल्प संचालित है, प्रत्येक परिवार, व्यक्ति को अपने श्रद्धा अनुसार इन सेवा कार्यों में योगदान देना चाहिए। गोशाला प्रबंधन ने सचिव शर्मा के परिजनों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ प्रबंधन कार्यकारिणी उपाध्यक्ष महेंद्र जांगिड़, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक, व्यवस्थापक महेश दीवान, कार्यकारिणी सदस्य नीलकमल शिखवाल, पवन कुमावत, जेपी जाट, पूर्व प्रबंधन पदाधिकारी महेश जोशी, हरिनारायण सिपुरिया, श्याम सुंदर सैनी समेत अनेक गौ सेवक मौजूद थे।



**गौशाला व पालिका की संयुक्त मुहिम से निराश्रित/बेसहारा गायों की संख्या हुई शून्य**– जानकारी मुताबिक विगत दिनों शहर की गली मोहल्लों सड़को पर निराश्रित बेसहारा गायों की सेवा संरक्षण को लेकर संयुक्त मुहिम में अजीतगढ़ शहर की सड़कों गली मोहल्लों से समस्त गायों को गोशाला में आश्रय दिया जाने के बाद शहर में वर्तमान में एक भी गाय निराश्रित नहीं है। गोशाला प्रबंधन कार्यकारिणी ने शहर के लोगों से अपील की है कि पालतू गायों को बाहर नहीं छोड़े इससे गायों की दुर्दशा होती है तथा सड़कों आदि पर अनेक दुर्घटनाएं हो जाती है। शहर में एक भी गाय निराश्रित नहीं होने पर लोगों ने मकर सक्रांति पर खुशी व्यक्त की तथा दान पुण्य आदि के लिए घरों में पालतू गायों के अतिरिक्त एकमात्र गौशालाओं में ही मिल सकी।

**पालतू गौवंश को बाहर छोड़ने पर लगेगा जुर्माना**–नगरपालिका ईओ जुबेर खान ने कहा कि शहर में पालतू गौवंश अन्य मवेशियों को छोड़ना गलत है। इसके लिए विगत दिनों सार्वजनिक अलाउंस करवाने के बाद गायों को सड़क, गली मोहल्लों से निराश्रित बेसहारा अवस्था में पकड़कर गौशालाओं में पहुंचाया गया था। जिनके मालिकों से जुर्माना में वसूला गया। ईओ ने बताया कि आगे से कोई भी पशुपालक अपने किसी भी मवेशी को सड़कों पर नहीं छोड़े। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में शहर के सड़कों से नर गौवंश को नंदी शाला में पहुंचाने की योजना है।

## ज्ञापन : मतदाता पुनरीक्षण में गड़बड़ी का आरोप

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में चल रही मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बिना ठोस कारण व विवरण के बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए जाने का आरोप लगा है। इस मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 दिसंबर 2025 को हो चुका है और दावे-आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 12 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक तय है। कांग्रेस का कहना है कि इलेक्टोरल मैनुअल 2023 के पैरा 11.3.2(2) के अनुसार बल्क आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सकते। एक व्यक्ति केवल एक ही फॉर्म प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा कर सकते हैं। इसके बावजूद कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एसडीएम कार्यालय में नियमों के विरुद्ध एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म-7 और फॉर्म-6 जमा किए गए। पार्टी ने मांग की कि ऐसे आवेदनों पर किसी भी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया जाए। कांग्रेस ने प्रशासन से नियम विरुद्ध जमा फॉर्म-6,7 और 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराने और दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।

पार्टी नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और निष्पक्षता लोकतंत्र की मूल जिम्मेदारी है। ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेस पार्षद मदन चौहान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्की बिंवाल, पार्षद राकेश ढ़ोला, राकेश तिवाड़ी, संजय लोकनाथका, लक्ष्मीकांत हरितवाल, मुकेश आसिवाल, सुनील पंजाबी समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



## राजस्थान युवा जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत आज

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान युवा जाट महासभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनीष खीचड़ का सीकर आगमन पर शनिवार को भव्य स्वागत सत्कार होगा। युवा जाट महासभा के जिला अध्यक्ष अमित पूनिया ने बताया कि राजस्थान युवा जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद पहली बार खीचड़ का सीकर आगमन पर जाट समाज व विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत व सम्मान किया जाएगा। युवा जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष खीचड़ का जिले की सीमा सरगोठ से लेकर सीकर शहर के मुख्य मार्गो पर जगह-जगह जोरदार एवं भव्य स्वागत सत्कार किया जाएगा। इस दौरान गाड़ियों के काफिले के साथ आमजन रैली में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। गाड़ियों का काफिला जयपुर हेड ऑफिस राजस्थान जाट महासभा से रवाना होकर चौमू पुलिया, 14 नंबर, चौमू, गोविंदगढ़, रींगस, पलसाना, रानोली होते हुए गोकुलपुरा तिराया, राणीसती सर्किल, बजरंग धर्म कांटा, जाट बाजार, कल्याण सर्किल से सनराइज शिक्षण संस्थान पहुंचेंगे। जहां सर्व समाज के प्रमुख लोग अपने विचार साझा करेंगे और एक नए युग की शुरुआत करेंगे। इससे पूर्व स्व. केसर खीचड़ को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## दिव्यांगों को 236 उपकरण वितरित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को तीन दिवसीय जिला स्तरीय नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर संयोजक बाबूलाल चौधरी ने बताया कि सार्वजनिक औषधालय समिति और शिवप्रसाद मन्नी देवी चौधरी ट्रस्ट के तत्वावधान में यह शिविर लगाया गया है। शिविर में पहले दिन श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर की ओर से 236 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कृत्रिम पैर जयपुर फुट, कृत्रिम हाथ, बैसाखी, कैलिपर, वाकर, कान की मशीन और स्टिक आदि उपकरण उपलब्ध कराए गए। इसके साथ ही राजस्थान रोडवेज की ओर से कार्ड भी जारी किए जाएंगे। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सतीशचंद्र सैन ने बताया कि उनका लक्ष्य है कि शिविर के माध्यम से एक हजार से ज्यादा दिव्यांगों को लाभ मिले। शिविर का शुभारंभ लिसाड़िया के संत बालकनाथ, डॉ. माधव सिंह, श्री गोपीनाथ मंदिर के महंत डॉ. मनोहरशरण, डॉ. ललित प्रसाद गुप्ता ने किया। महंत डॉ. मनोहरशरण ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। डॉ. माधव सिंह ने कहा कि समाज को आर्थिक एशारीरिक, सामाजिक रुप कमजोर वर्ग को संरक्षण प्रदान करना चाहिए। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन हरिनारायण महंत, लायंस क्लब अध्यक्ष सीताराम सैनी, अर्जुन चौधरी, पूर्व पार्षद नागरमल लोकनाथका, डॉ. नीलकंठ कयाल, छाजूराम खेड़ीवाल, कैलाश सारस्वत, जुगलकिशोर चौधरी, सुमित गिनोड़िया, श्रवण नाथावत, नरेंद्र कुलवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## राम कथा एवं 77 वीं जयंती समारोह में संतों का हुआ पारस्परिक अद्भुत मिलन

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी गुलाबी नगरी जयपुर में सीकर रोड स्थित नींदड़ में चल रहे राम कथा के आठवें दिन एवं जगद्गुरु रामभद्राचार्य की 77 जयंती समारोह में संतों का पारस्परिक अद्भुत मिलन हुआ। आस्था भक्ति के पावन केन्द्र श्री अमरापुर स्थान के पूज्य संत मोहन लाल संत मोनूराम, संत नवीन का पूज्य जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज एवं गौ सेवा मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य स्वामी कृष्णानंद महाराज एवं आचार्य रामचंद्र दास महाराज उतराधिकारी तुलसी पीठ चित्रकूट का विशेष सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अद्भुत मिलन में संत मोहन लाल महाराज संत मोनूराम, द्वारा पूज्य जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज को हिन्दू धर्म का पारंपरिक राम नाम का दुपट्टा पहना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री अमरापुर दरबार के संतों ने पावन श्री अमरापुर दर्शन पुस्तक भेट दी गई। आशीर्वाद, आत्मीय स्नेह मिलन रूप में संत श्री का अभिवादन दुपट्टा पहना कर किया गया। श्री अमरापुर दरबार के पूज्य संत मोहन लाल ने भी जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज को सतनाम साक्षी का दुपट्टा पहनकर आशीर्वाद लिया।

## तुलादान कराया व गौ चिकित्सालय को सहयोग दिया

रामावतार सोनी

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल निवासी शंकर लाल सोनी पुत्र सुंदरलाल सोनी एवं उनके परिवार जन गौशाला पहुंचकर अपने पौत्र प्रयाग पुत्र अमित सोनी का तुलादान संपन्न करवाया व गौसेवार्थ 9,500 की सहयोग राशि भेंट की। इसके अलावा गौ चिकित्सा सेवा केंद्र में उपकरणों की खरीद हेतु 11 हजार रुपए का सहयोग दिया। इसके अलावा प्रतापसिंह पुत्र सुगन सिंह ने 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। गौशाला अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने इस सहयोग को सराहनीय व प्रेरणादायी बताते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर परमानन्द, शंकरलाल, अमित, आकाश, शुभम, बबीता, नेहा, प्रज्ञा आदि मौजूद रहे।



## योग एवं ध्यान पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में विवेकानंद सप्ताह के पांचवें दिन योग एवं ध्यान का नैतिक मूल्यों के विकास में महत्व विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ प्रभाकर दीक्षित ने योग के अर्थ को स्पष्ट करते हुए अष्टांग योग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग और यौगिक क्रियाओं के निरंतर अभ्यास करने और इन्हें जीवन में धारण करने से ना केवल हमारा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है बल्कि इससे लोगों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। डॉ दीक्षित ने कहा कि योग का अंतिम लक्ष्य आत्मा का उस परम शक्ति परमात्मा से साक्षात्कार करना है जो समाधि की अवस्था में होता है। प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने कहा कि आसन और प्राणायाम जैसी यौगिक क्रियाएं बहुत महत्वपूर्ण है। इससे हमारी स्मृति और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शेर सिंह, संत कुमार मीणा, महेश कुमार, जयरत्न लखेरा, सुमन, लता गुर्जर, सुनीता गोदारा, पवन कुमार आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। संचालन भवानीशंकर ने किया।



## सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री प्रहलाद राय अग्रवाल माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर सीकर बाजार में सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया । प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ. नीरु पारीक ने भारतीय समाज में नारी शक्ति के योगदान पर तथा मुख्य वक्ता प्रजापति ब्रह्मकुमारी पिंकी दीदी व सोनी दीदी ने कुटुम्ब प्रबोधन व पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि चित्रा लाटा, उर्मिला चौरासिया थी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या खुशबू देवी, ममता देवी, कुसुम, प्रियंका ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों मातृशक्ति उपस्थित रहीं।



## कोतवाली सीआई को हटाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता राजकुमार तंवर सहित अनेक भाजपा नेताओं से हस्ताक्षरयुक्त एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया है और कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा को सुजानगढ़ से हटाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि हाल ही में बालिकाओं की स्कूल के पास स्थित एक होटल में अवैध रूप से अनैतिक कार्यों को लेकर डीएसपी सुजानगढ़ के आदेशों पर पुलिस ने कार्यवाही की थी लेकिन कोतवाली सीआई ने बेवहज दखलंदाजी कर पकड़े गए लोगों को छोड़ दिया। जो सीधे-सीधे भ्रष्टाचार के अंदेशे को बढ़ाने वाला है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि काफी सारे ऐसे फरियादी हैं, जिनको घंटों-घंटों तक थाने में बिठाया जाता है और उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती है।

इसी प्रकार कई फरियादियों को कई दिनों तक थाने के चक्कर कटवाये जाते हैं। बाद में जब उच्च अधिकारियों को जानकारी दी जाती है तो उनके दखल से एफआईआर दर्ज की जाती है। इसी प्रकार ज्ञापन में किसी राजनीतिक दल के व्यक्ति पर थाने की दलाली करने का आरोप भी लगाया गया है।

# बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के नियम विरुद्ध बड़ी संख्या में फॉर्म 7 जमा किए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जताया विरोध

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** कांग्रेस पार्टी ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के नियम विरुद्ध बड़ी संख्या में फॉर्म 7 जमा किए जाने को लेकर विरोध जताते हुए शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय के आगे प्रदर्शन किया व चूरू जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम राजेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि राजस्थान प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित की जा रही है। दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है तथा दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज कराने की अवधि दिनांक 12 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी। नियमानुसार इलेक्ट्रोल मेन्यूअल 2023 के पैरा संख्या 11.3.2 (2) के अनुसार ब्लक आवेदन प्राप्त नहीं किये जा सकते है। व्यक्तिगत मतदाता केवल एक ही फॉर्म दावा अथवा आपत्ति हेतु प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा करा सकते हैं। फार्म में मतदाता की सम्पूर्ण जानकारी उसका मोबाईल नंबर साक्ष्य अंडरटेकिंग संलग्न होना आवश्यक है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें जानकारी प्राप्त हुई कि एसडीएम कार्यालय तारानगर में नियमों के विरुद्ध एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं की ओर से बल्क में एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म 7 एवं फार्म 6 प्रस्तुत किए गए हैं, जो कि स्पष्ट रूप से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऐसे सभी नियम विरुद्ध जमा फॉर्म . 6.7 एवं 8 की संकलित सूची कांग्रेस पार्टी को नियमानुसार उपलब्ध करवाने, बल्क में जमा हुए आवेदनों पर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लेने तथा साथ ही नियम विरुद्ध आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हरिसिंह बेनीवाल, मानसिंह सैनी, मोहरसिंह ज्याणी, कुंदन सैनी, पन्नालाल पूनिया, कृष्ण सहारण, दिनेश खण्डेलवाल, बाबू हुसैन, यूनस, रामनिवास खीचड़, चंदन आदि अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।




## मौनी अमावस्या कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मौनी अमावस्या पर रविवार को गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दिवंगत पितृगणों के निमित्त यम गायत्री महामंत्री के साथ विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी। प्रयागराज के त्रिवेणी जल से श्रद्धालुओं पर अभीसिंचन किया जाएगा। यज्ञ के निर्धारित समय 9 बजे तक यज्ञशाला में प्रवेश करने वालों को प्रयागराज का त्रिवेणी जल पात्र नि:शुल्क भेंट किया जाएगा। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली संपन्न करांएगी। यज्ञ के साथ जन्म दिन और विवाह दिवस संस्कार भी नि:शुल्क कराए जाएंगे। गायत्री चेतना केन्द्र जनता कॉलोनी की ओर से बुक फेयर लगाया जाएगा। हर वर्ग के लिए उपयोगी पुस्तकें लागत कीमत पर उपलब्ध कराई जाएगी। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि 18 जनवरी का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से चमत्कारी है। धनु राशि में चंद्रमा और मकर राशि में चार ग्रहों का मिलन एक दुर्लभ महा संयोग बना रहा है। माघ मास की तपस्या और मौन साधना का महापर्व मौनी अमावस्या इस बार अपने साथ बेहद खास और दुर्लभ संयोग लेकर आ रहा है। यह अमावस्या महज एक तिथि नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का वह द्वार है जहां मौन रहकर आप स्वयं को ईश्वरीय शक्ति से जोड़ सकते हैं। मौनी अमावस्या पर वाणी पर विराम लगाकर मन ही मन ईश्वर का स्मरण करने से व्यक्ति को मुनि पद के समान पुण्य मिलता है। मौन रहकर की गई पूजा मानसिक शांति और संकल्प शक्ति को कई गुना बढ़ा देती है। यह दिन पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए सर्वश्रेष्ठ है। पितृ दोष की शांति के लिए सूर्य देव को अर्घ्य दें और अपने पितरों का ध्यान करें। पीपल के वृक्ष की जड़ों में जल दें। मौनी अमवास्या पर बरकत नगर स्थित वेणु ज्ञानम योग साधना केन्द्र में आनंद कोठारी के नेतृत्व में18 जनवरी को सुबह सवा 10 से सवा 11 बजे तक सामूहिक महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। अजय गुप्ता ने बताया कि अग्निहोत्र प्रचारक कैलाश गंगवालए राकेश गर्ग सहित अन्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

## खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** एमजेडी राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्त्वावधान में छात्राओं की विभिन्न आउटडोर व इण्डोर खेल प्रतियोगिता, आयोजित की गई, जिनमें छात्राओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सरिता ने बताया कि बोरी दोड खेल प्रतियोगिता में पूजा प्रथम एवं प्रीति द्वितीय स्थान पर रही नीयू दोड खेल प्रतियोगिता में सरस्वती प्रथम व प्रीति द्वितीय स्थान पर रही, कैरम खेल प्रतियोगिता में आरती प्रथम व विनोद द्वितीय स्थान पर रही तथा रस्साकस्सी खेल प्रतियोगिता में टीम। विजेता रही। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने विजेताओं एवं उपविजेताओं को पारितोषिक वितरण कर छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। राजेन्द्र प्रसाद कस्वां राजकुमार व आरती गौना ने निर्णायक की भूमिका निभायी। इस अवसर पर योगिता, अंकिताए नेहा सहित समस्त सकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नववर्ष स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा रजि जयपुर इकाई की ओर से नववर्ष स्नेहमिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को दोपहर 2:30 बजे से स्वेज फार्म, सोडाला स्थित हीरा वैली रिसोर्ट में किया जाएगा। महासभा के प्रदेश महामंत्री भवानी शंकर माली ने बताया कि समारोह का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत की अध्यक्षता में होगा। इस अवसर पर माली सैनी समाज के प्रशासनिक अधिकारियों, समाज की शीर्ष संस्थाओं के निर्वाचित पदाधिकारियों, पत्रकारों तथा समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज बंधुओं का सम्मान किया जाएगा।

# माकपा पंचायती राज चुनाव लड़ेगी, भ्रष्ट तंत्र को उखाड़ फेंकना उद्देश्य

रघुवीर जोशी

**मंडावा (नवयत्न)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तहसील कमेटी मलसीसर की बैठक शुक्रवार को मलसीसर तहसील कार्यालय के सामने स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पूर्व जिला सचिव कामरेड सुमेर सिंह बुडानिया ने की जबकि जिला सचिव कामरेड राजेश बिजारनिया पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यता नवीनीकरण, बीएलए-2 की नियुक्ति तथा आगामी पंचायती राज चुनावों को



लेकर पार्टी की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला सचिव कामरेड राजेश बिजारनिया ने कहा कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टी आगामी पंचायती राज चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी और पंचायती राज संस्थाओं से भाजपा-कांग्रेस के भ्रष्ट तंत्र को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि माकपा संघर्ष का दूसरा नाम है और आने वाले समय में सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में जिले में भूमाफियाओं का बोलबाला है जो शहीदों के स्मारकों तक पर अतिक्रमण कर रहे हैं। जिला प्रशासन विशेषकर जिला कलेक्टर, सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे हुए है, जो गंभीर चिंता का विषय है। बैठक में तहसील सचिव कामरेड महिपाल पूनिया, सौरभ जानू, शाहिद चैनपुरा एवं अमित पूनिया ने अपने विचार रखे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

## स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के 4 खिलाड़ियों का चयन



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** 69 वीं स्कूल राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी तारानगर के 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। अकेडमी के निदेशक सुशील दाधीच ने बताया कि 13 से 19 जनवरी को मणिपुर के इम्फाल के खुमान लंपक स्टेडियम में आयोजित होने वाली 69 वीं राष्ट्रीय स्कूल वुशू प्रतियोगिता में स्टार स्पोर्ट्स अकेडमी के 4 खिलाड़ी तनवी, हिमानी, यशिका और टीना अपने अपने भार वर्ग कोच चिंकित शर्मा के निर्देशन में भाग लेंगे। एकेडमी के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने का आशीर्वाद देकर रवाना किया।

## बादेड़ को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** तहसील के बादेड़ गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का पिछले 45 दिनों से उपखंड कार्यालय के सामने अनिश्चित काल धरना जारी है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने एकत्र होकर एसडीएम मीनू वर्मा और तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बादेड़ गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय नहीं बनाए जाने पर उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी है। पंस. सदस्य रामनिवास पटेल ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा नहीं ली जाए। अपने हक की मांग को लेकर अनिश्चित काल धरना उग्र आंदोलन में तब्दील होगा तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी। प्रशासक प्रतिनिधी बजरंग लाल ठोलिया ने बताया कि जनसंख्या की दृष्टि से ग्राम बादेड बड़ा गांव है। आबादी घनत्व एवं वोटर लिस्ट के अनुसार भी बादेड़ में मतदाता संख्या अधिक है। इसके चलते पंचायत मुख्यालय बनने का कानूनन हकदार बादेड़ है। एडवोकेट भगवती प्रसाद ने कहा सरकार ने ग्रामीणों का पक्ष सुने बिना ही अपना मनमाना फैसला ग्रामवासियों पर थोप दिया है जिसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफअपना रोष जताया।

## समाज सेवी मुरारीलाल सोनी नहीं रहे



सपना शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** कोटड़ी निवासी व मुंबई प्रवासी स्वर्णकार समाज के कुलभूषण मुरारीलाल पुत्र बैजुराम नारनोली का अकस्मात ब्रह्मलीन हो गए। वे सेवाभावी, मिलनसार व धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान थे। शुक्रवार को उनकी आकस्मिक विदाई का समाचार सुनने के बाद परिवार व उनके चाहने वाले व्यथित हैं। काल ने यौवन की कली चुन ली, पर स्मृतियाँ अमर रहेंगी। इनके निधन पर झुंझुनू स्वर्णकार समाज के बाबूलाल नारनोली, सांवरमल डांवर, दिनेश नारनोली, श्रीराम भामा, ओमप्रकाश भामा, समंदर सिंह कचेरा, नरेश नारनोली, पत्रकार रामावतार सोनी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है। परमपिता उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## देशभक्ति की भावना से जुड़कर खास बनी बॉर्डर 2 : आन्या सिंह

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अभिनेत्री आन्या सिंह जल्द ही देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्म बॉर्डर 2 में नजर आएंगी। अपनी पिछली फिल्म से पहचान बना चुकी आन्या के लिए यह फिल्म केवल एक अभिनय प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि भावनात्मक और गर्व से जुड़ा अनुभव है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में उनके रोल का छोटा या बड़ा होना उनके लिए मायने नहीं रखता, बल्कि बॉर्डर 2 जैसी ऐतिहासिक और देशभक्ति फिल्म का हिस्सा बनना ही उनके लिए सबसे बड़ी बात है। आन्या ने बताया कि उनके दादा भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं और 1971 के युद्ध में उन्होंने भाग लिया था, जिस पर बॉर्डर 2 आधारित है। ऐसे में इस फिल्म से उनका जुड़ाव और भी निजी हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए अपने दादा और देश के वीर सैनिकों को सम्मान देने का एक माध्यम है। आन्या के अनुसार, जब उन्हें फिल्म का प्रस्ताव मिला तो उन्होंने बिना किसी हिचक के तुरंत हां कह दीए क्योंकि यह उन सभी सैनिकों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। फिल्म बॉर्डर 2 में आन्या सिंह के साथ आहान शेट्टी नजर आएंगे। इसके अलावा सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और मोना सिंह जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह की जयंती समारोह के पोस्टर का विमोचन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** हाइफा हीरो अमर शहीद मेजर दलपत सिंह शेखावत का 134 वाँ जयंती समारोह एवं जन जागृति सम्मेलन 26 जनवरी को शहर के रानी सती गार्डन में रावणा राजपूत समाज सहित सर्व समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मेजर दलपत सिंह शेखावत के जयंती समारोह के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को पूर्व विधायक रतन जलधारी ने रावणा राजपूत समाज के मौजूज लोगों की मौजूदगी में किया। सीकर के पूर्व विधायक रतन जलधारी ने पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि मेजर दलपत



सिंह शेखावत ने अपने अदम्य साहस और शौर्य के बल पर इजराइल के हाइफा शहर को तुर्की सेना से मुक्त करवाया था। उन्होंने पोस्टर विमोचन के माध्यम से रावणा राजपूत समाज सहित सर्व समाज के लोगों को जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया। मेजर दलपत सिंह शेखावत जयंती समारोह को लेकर रावणा राजपूत समाज की ओर से गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जनसंपर्क कर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। पोस्टर विमोचन के दौरान निवर्तमान पार्षद गोपाल सिंह बडगूजर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश शेखावत, नरेंद्र सिंह सोलंकी, देवेंद्र सिंह खेजडोलिया, संजय चंदेल, कपिल सिंह परिहार, सज्जन सिंह निर्वाण, उत्तम सिंह शक्तावत, भगवान सिंह गहलोत, घनश्याम सिंह देवड़ा, देवेंद्र सिंह निर्वाण, सुरेंद्र सिंह चौहान सहित रावणा राजपूत समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर बैठक आयोजित

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर तहसील कार्यालय में तहसीलदार हरदीप सिंह की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा, थानाधिकारी सुरेंद्र बारूपाल के सानिध्य में तहसील स्तरीय गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अधिशासी अधिकारी, कस्बे के स्कूल संचालक व गणमान्य व्यक्तियों के आपसी विचार विमर्श करने के बाद निर्णय लिया गया कि इस बार गणतंत्र दिवस भी सामुहिक रूप से युवा भारती स्टेडियम में मनाया जाएगा। उपस्थित जनों ने अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर भी सुझाव दिए। तहसीलदार हरदीप सिंह ने कहा कि टेंट, माइक तथा अन्य व्यवस्था नगर पालिका को सौंपी गयी है। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व खेल कूद में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। जल्द ही एक कमेटी गठित की जाएगी तथा अलग अलग जिम्मेदारी दी जाएगी।

# जवाहर कला केंद्र में चित्रांग कला प्रदर्शनी में कैनवास पर उकेरी यात्रा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर के वरिष्ठ कलाकार 70 वर्षीय जगदीश चंद्र ने अपनी सोलो आर्ट एग्जिबिशन चित्रांग में प्रकृति, यात्रा और इतिहास से प्रेरित कृतियों के माध्यम से दर्शकों को एक श्यात्मक यात्रा पर ले जाने का प्रयास किया है। आमेर किले की लम्बी दीवारें, दीवान-ए-खास की भव्यताए राधा-कृष्ण के श्रृंगार, बाजीराव-मस्तानी की प्रेम कथा और प्रकृति की मनोहारी छवियाँ उनकी पेंटिंग्स में जीवंत रूप से उभरती हैं। जवाहर कला केंद्र की सुदर्शन आर्ट गैलरी में शुक्रवार को उनकी पाँच दिवसीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित कुल 25 चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रतिष्ठित कला



समीक्षक एवं संस्कृतिकर्मी तृप्ति पांडे, सुधीर माथुर, ऋषि मिगलानी, संजय कोठारी सहित अन्य गणमान्यजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जगदीश चंद्र ने बताया कि उन्हें भ्रमण का विशेष शौक है और उनकी अधिकांश कृतियाँ उनके यात्रा अनुभवों से प्रेरित हैं। किसी चेहरे की मासूमियत स्मृति में रह जाए तो वे उसे कैनवास पर उतार देते हैं, वहीं प्रकृति की खूबसूरती को रंगों की दुनिया में सहेजते हैं। यह प्रदर्शनी 20 जनवरी तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। वॉरियर क्लैन्स शीर्षक यह पेंटिंग 17वीं-18वीं शताब्दी के राजस्थान के उस कालखंड को जीवंत करती है, जब वीरता, शौर्य और कला आपस में गहराई से जुड़े हुए थे। इसमें योद्धा कुलों की सामूहिक शक्ति, अनुशासन और रक्षक स्वरूप को दर्शाया गया है। ये योद्धा केवल भूमि के संरक्षक ही नहीं थे, बल्कि संस्कृति और शिल्प परंपराओं के संवाहक भी थे। चित्र साहस के साथ.साथ उस आत्मिक दृढ़ता को भी प्रकट करता है, जो पीढ़ियों तक विरासत बनकर जीवित रहती है। वॉट वी सीक लाइज विदइन आत्मचिंतन और आंतरिक खोज की यात्रा को अभिव्यक्त करती है। बोधगया के बोधि वृक्ष से प्रेरित यह कृति इस विचार को सामने लाती है कि सत्य और उत्तर बाहरी संसार में नहीं, बल्कि हमारे भीतर निहित होते हैं। धुंधले, जल-प्रतिबिंब जैसे रूप मन, आत्मा और चेतना के गहरे संबंध को दर्शाते हैं। यह चित्र दर्शक को ठहरकर स्वयं के भीतर झाँकने और अपने ही प्रतिबिंब में अर्थ खोजने का आमंत्रण देता है। द प्रोटेक्टर पेंटिंग रणथंभौर की यात्रा के दौरान अनुभव किए गए भावनात्मक क्षणों पर आधारित है। बाघिन का मातृत्व और शावकों की अठखेलियाँ इस कृति में अत्यंत सजीव रूप में उभरती हैं, जो सरिस्का टाइगर रिजर्व की स्मृतियों को भी ताजा कर देती हैं। यह पेंटिंग संरक्षण की उस दोहरी प्रकृति को दर्शाती है, जहाँ कोमलता और शक्ति एक.दूसरे के साथ सहअस्तित्व में रहती हैं। किंग ऑफ हौरसेज यह कृति कल्पना और यथार्थ के संगम से जन्मे एक विचार को प्रस्तुत करती है, यदि घोड़ों का भी कोई राजा हो, तो वह कैसा होगा चित्र में घोड़े की गरिमा, शांत आत्मविश्वास और स्वाभाविक नेतृत्व को प्रभावशाली ढ़ंग से उकेरा गया है।

आभूषणों से सजा यह शाही घोड़ा राजसी ठाठ-बाट और वैभव का प्रतीक बनकर सामने आता है।

## अध्यापिका द्वारा जूते-जुराब वितरित



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ के स्थानीय महादेव जालान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत एक अध्यापिका द्वारा विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 1से 10 तक के 140 विद्यार्थियों को जूते व जुराब वितरण किये गये। अध्यापिका ने गुप्त दान के तौर पर अपना नाम गुप्त रखने की इच्छा व्यक्त की और प्राचार्य के माध्यम से सर्दी के मौसम में यह जूते जुराब वितरण किया। विद्यालय स्टाफने वितरण में सहयोग किया। इस अवसर पर अध्यापिका ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों के लिए बच्चों के अध्ययन एवं सर्वांगीण विकास के लिये में तत्परता से हर संभव सार्थक कार्य करने की मंशा अभिव्यक्त की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190